GOVERNMENT BILL

The Citizenship Amendment (Bill), 2019

MR. CHAIRMAN: The Citizenship (Amendment) Bill, 2019. Shri Amit Shah to move a Motion for consideration of the Citizenship (Amendment) Bill, 2019.

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:-

"कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

MR. CHAIRMAN: Motion moved. There are four amendments by Shri K.K. Ragesh, Shri Husain Dalwai, Shri Binoy Viswam and Shri Elamaram Kareem for reference of the Citizenship (Amendment) Bill, 2019, as passed by the Lok Sabha, to a Select Committee of the Rajya Sabha. Members may move the amendments at this stage without any speech. While moving the amendments, these Members — they have given some names — they have to give the names also.

So, Mr. K.K. Ragesh, are you moving the Amendment?

SHRI K.K. RAGESH (Kerala): Sir, I move:

"That the Bill further to amend the Citizenship Act 1955, as passed by Lok Sabha, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha, consisting of the following Members:-

1. Shri K. K. Ragesh
2. Shri B. K. Hariprasad
3. Shri Tiruchi Siva
4. Shri Elamaram Kareem
5. Shri Binoy Viswam
6. Prof. Manoj Kumar Jha
7. Shri Sanjay Singh

with instructions to report by the last day of the first week of the next Session of the Rajya Sabha".

MR. CHAIRMAN: Shri Hussain Dalwai, are you moving the Amendment?

SHRI HUSAIN DALWAI (Maharashtra): Sir, I move:

"That the Bill further to amend the Citizenship Act 1955, as passed by Lok Sabha, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha, consisting of the following Members:-

1. Shri Husain Dalwai
2. Shrimati Viplove Thakur
3. Shri B. K. Hariprasad
4. Prof. Manoj Kumar Jha
5. Shri Tiruchi Siva
6. Shri Satish Chandra Misra
7. Dr. K. Keshava Rao
8. Dr. Amee Yajnik
9. Shri Sanjay Singh
10. Shri Praful Patel

with instructions to report by the last day of the first week of the next Session of the Rajya Sabha".

MR. CHAIRMAN: Shri Binoy Viswam. Are you moving the amendment?

SHRI BINOY VISWAM (Kerala): Sir, I move:

"That the Bill further to amend the Citizenship Act, 1955, as passed by Lok Sabha, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha, consisting of the following Members:-

1. Shri K. Somaprasad
2. Prof. M.V. Rajeev Gowda
3. Prof. Manoj Kumar Jha

4. Shri Sanjay Singh

5. Ch. Sukhram Singh Yadav

6. Shri K.K. Ragesh

7. Shri T.K. Elangovan

8. Shri Binoy Viswam

with instructions to report by the last day of the next Session of the Rajya Sabha".

MR. CHAIRMAN: Shri Elamaram Kareem, are you moving the Amendment?

SHRI ELAMARAM KAREEM (Kerala): Sir, I move:

"That the Bill further to amend the Citizenship Act 1955, as passed by Lok Sabha, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha, consisting of the following Members:-

1. Shri Abdul Wahab

2. Shri K.K. Ragesh

3. Shri T.K. Rangarajan

4. Shri M. Shanmugam

5. Shri Tiruchi Siva

6. Shri Binoy Viswam

7. Prof. Ram Gopal Yadav

with instructions to report by the last day of the first week of the next Session of the Rajya Sabha".

MR. CHAIRMAN: The Motion for consideration of the Citizenship (Amendment) Bill, 2019, as passed by Lok Sabha, and the amendments moved thereto are now open for discussion. ...*(Interruptions)*... Yes, Mr. Minister, if you want to say ...*(Interruptions)*... One minute. Amitji, one minute. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY (West Bengal): Sir, under Rule 230 of the Rules and Procedures of Rajya Sabha, I have given notice that there is no nexus. The debate should be adjourned because there is no nexus, reasonable nexus, between the Statement of Objects and Reasons and the Bill because in the Statement of Objects and Reasons, it has been stated in Paragraph 2, I may read with your kind permission only one line, that 'The Constitutions of Pakistan, Afghanistan and Bangladesh provide for a specific State religion.

As a result, many persons belonging to Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi and Christian communities have faced persecution on grounds of religion.' But, Sir, in the Bill, nowhere, it has been mentioned that the citizenship will be granted to those who have fallen victim of religious persecution.

MR. CHAIRMAN: Right.

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: There is no reasonable nexus between the Statement of Objects and Reasons and the Bill. Therefore, this Bill is defective and the debate should be adjourned till such period the Bill is rectified.

MR. CHAIRMAN: Right. I have heard your argument and I have gone through the Rules of Procedures also. The Lok Sabha has discussed it, approved it and then I have received the Bill. I have gone through the Bill and then I have given permission after getting myself fully satisfied that this Bill is in order. There is no ground made out for seeking any adjournment of the debate on the Bill under Rule 230 on the paras of SOR which do not form part of the Bill, which is under consideration of the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY: Sir, I walk out.

(At this stage the hon. Member left the Chamber)

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): Sir, ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Therefore, the motion appears to attract sub-rule 2 of Rule 230 being an abuse of Rules of Council. ...*(Interruptions)*... I have given a ruling. Now the discussion is on. Yes, Mr. Minister. ...*(Interruptions)*... You will get the time.

श्री अमित शाह: सभापति महोदय, आज मैं इस गरिमामयी सदन के सामने एक ऐतिहासिक बिल लेकर उपस्थित हुआ हूं। मान्यवर, इस बिल के जो प्रावधान हैं, वे लाखों-करोड़ों लोग, जो कई सालों से यातना का जीवन जी रहे हैं, नर्क की यातना का जीवन जी रहे हैं, उन सबको एक नई आशा की किरण दिखाने वाला यह बिल है।

मान्यवर, मैं थोड़ा पृष्ठभूमि में जाना चाहूंगा। विभाजन के बाद एक हम सबकी कल्पना थी कि जो अल्पसंख्यक नागरिक यहां पर रहते हैं और पड़ोसी देशों में भी जो अल्पसंख्यक रहते हैं, वे सब अपने-अपने नागरिक अधिकारों के साथ सम्मानपूर्ण जीवन जी पाएंगे।

महोदय, अपने धर्म का, अपनी परम्पराओं का सम्मान के साथ पालन कर पाएंगे। अपने परिवार के स्वाभिमान का और विशेषकर परिवार की स्त्रियों के सम्मान की वे रक्षा भी कर पाएंगे और उन्हें रक्षण करने का अधिकार भी है। परन्तु कई दशकों के बाद, जब इस ओर मुड़कर देखते हैं, तो कटु सच्चाई सामने यह आई है कि चाहे अफगानिस्तान हो, चाहे पाकिस्तान हो और चाहे समय-समय पर बंगलादेश हो, जो अल्पसंख्यक वहां रहते थे, उनके अधिकारों की सुरक्षा नही हुई। उन्हें समानता का अधिकार नही मिला। जब पूर्वी पाकिस्तान से बंगलादेश बना, बंगबंधु मुज़ीबुर्रहमान साहब ने इसे सुधारने का प्रयास किया, मगर दुर्भाग्य से उनकी हत्या हो गई और एक लम्बा काल खंड, अभी का शासन आने से पहले वहां ऐसा आया कि वहां उन्हें घोर प्रताड़ना का सामना करना पड़ा।

मान्यवर, मैं इस बारे में आंकड़े बाद में, जवाब देते समय लेकर आऊंगा। मगर मैं कहना चाहता हूं कि दोनों पाकिस्तानों में- पूर्वी और पश्चिमी, मतलब कि आज के बंगलादेश और पाकिस्तान में, अल्पसंख्यकों की आबादी में लगभग 20-20 प्रतिशत की कटौती हुई है और कमी हुई है। कहां गए ये लोग? या तो उन्हें किसी न किसी रूप में मार दिया गया, या उनका धर्म परिवर्तन हो गया या, तो वे शरणार्थी बनकर, अपने धर्म और सम्मान को बचाने के लिए वे भारत में आए।

मान्यवर, भारत में आए, उन्हें यहां संरक्षण मिलना चाहिए, लेकिन सालों तक नही मिला। उन्हें न नागरिकता मिली, न घर खरीदने का अधिकार मिला, न नौकरी, न स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधाएं मिली और वे लोग आज अपने ही देश के अंदर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। यह बिल ऐसे सभी प्रताड़ित लोगों को जो धर्म के आधार पर प्रताड़ना सह करके भारत में आए हैं, उन सभी लोगों को नागरिकता का अधिकार देने हेतु यह बिल लाया गया है। इस बिल के अंदर कुछ विशेष रियायतें भी इन निश्चित वर्ग के लोगों के लिए हमने सोची हैं। उन पर मैं बाद में आऊंगा।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से इस सदन का और सदन के माध्यम से पूरे देश की जनता का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि वर्ष 2019 में, जब आम चुनाव हुए, तो आम चुनाव के

[श्री अमित शाह]

बाद, अभी जो पार्टी सत्ता में है, वह भारतीय जनता पार्टी और हमारे साथी दल, सबने मिलकर भारतीय जनता पार्टी का एक घोषणापत्र घोषित किया था और उसे हमने देश की जनता के सामने रखा था।

सभापति महोदय, मल्टी पार्टी डेमोक्रेटिक सिस्टम में, पार्लियामेंटरी डेमोक्रेटिक सिस्टम में इस घोषणापत्र में, जो सरकार बनने वाली है, उसकी नीतियों की उद्घोषणा होती है। इसके आधार पर प्रचार होता है। देश की जनता इसके आधार पर अपना मत व्यक्त करती है और किसी एक दल को चुनकर, जिसका मेनिफेस्टो अच्छा लगे, उसे शासन करने का अधिकार देती है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र के अंदर असंदिग्ध तरीके से इस बात की घोषणा की थी। मैं यह बात इसलिए कहना चाहता हूं कि जो लोग कह रहे हैं कि आप वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं या यह कर रहे हैं या वह कर रहे हैं, मैं उन सभी साथियों से कहना चाहता हूं कि हमने चुनाव से पहले ही, एक इरादा, देश की जनता के सामने रखा था, जिसे देश की जनता ने जनसमर्थन दिया है और देश की जनता ने शासन करने का अधिकार दिया है।

मान्यवर, लोकतंत्र के अंदर जनादेश से बड़ी कोई बात नही हो सकती। हमने इस घोषणापत्र के अंदर लिखा था कि हम पड़ोसी देशों से प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सिटिज़नशिप अमेंडमेंट बिल को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उसे लागू करेंगे। इसके साथ ही हमने यह भी कहा था कि हम पूर्वोत्तर राज्यों में उन वर्गों के लिए सभी मुद्दों को स्पष्ट करने का प्रयास करेंगे, जिन्होंने कानून के बारे में आशंका व्यक्त की है और पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की भाषायी, सांस्कृतिक और सामाजिक रक्षा के लिए भी हम अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। जो नॉर्थ-ईस्ट का कंसर्न है, हम उसको एड्रेस करेंगे, वह भी हमने कहा था।

मान्यवर, मुझे आनंद है कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह सरकार चल रही है और आज मोदी जी के नेतृत्व में मैं जो बिल लेकर इस सदन के सामने उपस्थित हुआ हूं, इसमें आज हम हमारी इन दोनों घोषणाओं को कानूनी जामा पहनाने जा रहे हैं। हम हमारे तीनों पड़ोसी देशों के धार्मिक अल्पसंख्यकों को संरक्षण देकर उनको नागरिक बनाने की प्रक्रिया का अमेंडमेंट लेकर आए हैं और जो पूर्वोत्तर के राज्य हैं, उनके अधिकारों को, उनकी भाषा को, उनकी संस्कृति को और उनकी सामाजिक पहचान को प्रिज़र्व करने के लिए, उनको संरक्षित करने के लिए भी हम चिंता करते हुए इसके अंदर प्रावधान लेकर आए हैं। मैं बिल के डिटेल्ड प्रावधान पर बाद में जाऊंगा, लेकिन सरल भाषा में कहूंगा - क्योंकि देश की जनता भी इस सदन में हो रही बहस को बड़ी curiosity से देख रही है, सबके मन में स्पष्ट हो जाए, इसलिए मैं सरल भाषा में यह बताना चाहता हूं कि यह बिल

क्या है। पाकिस्तान, बंगलादेश और अफ़गानिस्तान, इन तीन देशों की जो सीमाएं भारत को छूती हैं, उन तीनों देशों में हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई और पारसी, वहाँ की लघुमती के लोग, जो भारत में आए हैं, वे किसी भी समय आए हों, उनको नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान इस बिल में है। इसका मतलब आज़ादी के बाद बंगलादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से जो भी जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई, पारसी और हिंदू धर्म का अनुसरण करने वाले उन तीन देशों की माइनॉरिटी के लोग, जो यहाँ आए हैं, हम उनको नागरिकता देंगे।

दूसरा, हमने पूरे नॉर्थ-ईस्ट के अंदर अलग-अलग प्रकार से नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के हितों की चिंता भी की है, मैं इसको बाद में बताऊंगा।

मान्यवर, लोक सभा में चर्चा चली। मैंने कुछ अखबारों के आर्टिकल्स भी पढ़े हैं, मैं यह कहना चाहूंगा कि एक बहुत बड़ी भ्रांति फैलाई जा रही है कि यह बिल माइनॉरिटी के खिलाफ है, यह बिल विशेषकर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ है। मान्यवर, मैं बताना चाहता हूं कि जो इस देश के मुसलमान हैं, उनके लिए इस देश के अंदर किसी चिंता की चर्चा का सवाल ही नही है, क्योंकि वे नागरिक हैं, नागरिक रहेंगे, उन्हें कोई प्रताड़ित नही कर सकता। मगर आप चिंता किसकी कर रहे हैं? क्या पाकिस्तान की चिंता है? क्या आप चाहते हैं कि पाकिस्तान से भी जो अवैध प्रवासी मुसलमान यहाँ आएं, हम उनको भी नागरिक बना दें, बंगलादेश से जो अवैध प्रवासी मुसलमान यहाँ आएं, उनको भी नागरिक बना दें, अफगानिस्तान से भी जो अवैध प्रवासी मुसलमान यहाँ आएं, उनको भी नागरिक बना दें? आप क्या कहना चाहते हैं? पूरी दुनिया से जो भी अवैध प्रवासी मुसलमान यहाँ आएगा, क्या हम उसको यहाँ की नागरिकता दे देंगे? किस तरह से देंगे? देश कैसे चलेगा? ऐसे नही चल सकता है। यह उन निश्चित वर्गों के लिए है, जिनके धर्म के अनुसरण के लिए इन तीन राज्यों में अनुकूलता नही है, उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। इसमें उन तीन देशों के अल्पसंख्यकों को ही नागरिकता देने का प्रावधान है। आज जो लोग इस बिल का विरोध कर रहे हैं, मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं, कृपया आप मुझे यह बताइए - मैं जब जवाब देने के लिए खड़ा होऊंगा तब पूरी चीज़ें डिटेल में बताऊंगा, मैं आपकी जो एक-एक शंका है, आपके जो सवाल हैं, आप जो एक-एक स्पष्टीकरण मांगेंगे, वे सब स्पष्टीकरण दूंगा, मगर मैं आपको सिर्फ इतना बताना चाहता हूं कि जिन लाखों, करोड़ों लोगों पर प्रताड़ना हुई है, वे लोग जाएं कहाँ? वे कहाँ जाएँ? क्या उन्हें जीने का अधिकार है या नही है? हम उन्हें अधिकार देना चाहते हैं या नही देना चाहते हैं? वे किसी देश के नागरिक बनने चाहिए या नही बनने चाहिए? इसमें धार्मिक प्रताड़ना के आधार पर जो लोग आए हैं, उनको नागरिकता देने का सवाल है। यहाँ के minority और विशेषकर किसी भी मुसलमान को चिंता करने की जरूरत नही है, यह मैं स्पष्टता के साथ कहना चाहता हूँ। किसी को भी चिंता करने की जरूरत नही है। कोई आपको बरगलाए, कोई डराए, आप डरिए मत, यह नरेन्द्र मोदी सरकार है और संविधान की spirit के साथ चल रही है, minority को पूरी protection मिलेगी। इसमें किसी को डरने की जरूरत नही है। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*... आप सुनिए, जब आपको बाद में मौका मिलेगा, तब आप बोलिएगा।

श्री अमित शाह: मान्यवर, विपक्ष के सभी माननीय सदस्य, जो बैठे-बैठे बोल रहे हैं, मेरी उनको चुनौती है कि जब आपको बोलने का मौका मिले, तो मुद्दे के साथ point उपस्थित करिएगा, मैं हरेक चीज का जवाब देने के लिए बाध्य भी हूँ, तैयार भी हूँ और दूँगा भी। बशर्ते आप बैठिएगा, चले मत जाइएगा। ...**(व्यवधान)**... आप बैठिएगा। मैं हरेक चीज का जवाब दूँगा।

मान्यवर, मैं इस बिल के कुछ प्रावधानों को बता कर अपना प्रारंभिक भाषण समाप्त करूँगा। इस बिल के अन्दर नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 2 (1) (ख) में जो प्रावधान हैं कि पासपोर्ट, वीजा और ट्रैवल दस्तावेज के बगैर जो प्रवासी भारत में आते हैं, या जिनका पासपोर्ट और वीजा expire कर जाता है, काल बाह्य हो जाता है, उनको ऐसी सूरत में अवैध प्रवासी माना जाता है, अब हम इसके अन्दर सुधार लेकर आए हैं। अब मैंने ये जो 6 वर्ग कहे - हिन्दू, सिख, जैन, पारसी, बौद्ध और ईसाई, जो इन तीन देशों से आते हैं, उनको अवैध प्रवासी नही माना जाएगा। इससे उनको मुक्ति दे दी गई है।

मान्यवर, इसमें नागरिकता अधिनियम की नई धारा 6 (ख) भी लाने का प्रस्ताव है। इसमें प्रस्ताव है कि यदि धार्मिक उत्पीड़न के शिकार उपरोक्त प्रवासी निर्धारित की गईं शर्तों और प्रतिबंधों के तौर-तरीकों को अपना कर रजिस्ट्रेशन या देशीकरण कराते हैं, तो उनके माध्यम से वे भारत की नागरिकता ले पाएँगे। यह प्रावधान भी किया जा रहा है कि ऐसे प्रवासी अगर नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 5 या तीसरे शैड्यूल की शर्तें पूरी करने के उपरांत नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं, तो जिस तिथि से वे भारत में आए हैं, उसी तिथि से उनको नागरिकता दे दी जाएगी। इसका मतलब होता है कि मेरे पश्चिमी बंगाल के अन्दर ढेर सारे शरणार्थी आए हुए हैं, अगर वे 1955 में आए, 1960 में आए, 1970 में आए, 1980 में आए, 1990 में आए या 2014 की 31 दिसंबर के पूर्व आए, उन सभी को उसी तिथि से नागरिकता दी जाएगी, जिस तिथि से वे आए है। इससे उनको कोई legal consequence face नही करना पड़ेगा। मान्यवर, अगर ऐसे अल्पसंख्यक प्रवासी के खिलाफ अवैध प्रवास या नागरिकता के बारे में, घुसपैठ या नागरिकता के बारे में कोई भी केस चल रहा है, तो वह केस इस बिल के विशेष प्रावधान से वही पर समाप्त हो जाएगा। वह legal proceeding उसको face नही करना पड़ेगा । इस धारा में यह भी प्रावधान किया गया है कि अगर आवेदक किसी भी प्रकार का अधिकार या privilege ले रहा है, तो इस प्रावधान के तहत वह अधिकार व privilege से वंचित नही कर दिया जाएगा। मान्यवर, कई जगह कुछ जो शरणार्थी आए हैं, उन्होंने छोटी-मोटी दुकान खरीद ली है, वे अपना काम कर रहे हैं। कानून की दृष्टि में हो सकता है कि वह अवैध हो, गैर-कानूनी हो। मगर यह बिल उनको

protect करता है कि उन्होंने भारत में अपने निवास के समय में जो कुछ भी किया है, उसको यह बिल regularize कर देगा। उनकी उस status को कही पर भी वंचित नही करेगा। जैसे किसी की शादी हुई, बच्चे हुए, इन सब चीजों को यह बिल regularize करेगा। उत्तर-पूर्व के सभी राज्यों में जो प्रोटेक्शन दिया गया है, उसी को आगे बढ़ाते हुए, Sixth Schedule में असम, मेघालय, मिज़ोरम, त्रिपुरा जनजातीय इलाकों पर यह बिल लागू नही होगा। इसी तरह Bengal Eastern Frontier Regulation Act, 1973 के तहत Innter Line Permit के इलाके, पूरा मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश, अधिकांश नागालैंड और मणिपुर, जो अब पूरा राज्य नोटिफाई हो चुका है, इन सारे एरियाज़ में भी ये प्रावधान लागू नही होंगे।

मान्यवर, जहां तक असम का सवाल है, मैं आज इस सदन के सामने एक कटु वास्तविकता रखना चाहता हूं। 1985 में असम के अन्दर तत्कालीन प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी जी ने Assam Accord किया था। Assam Accord के अंदर असम के लोगों को उनकी सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई पहचान दिए जाने एवं चुने हुए फोरम्स में उनके representation के अधिकार को protection करने के लिए क्लॉज-6 बनाया गया था। क्लॉज-6 के अंदर एक प्रावधान था कि इसके माध्यम से भारत सरकार एक कमिटी गठित करेगी, जो इन सारी चीज़ों को देखेगी, इनकी चिंता करेगी, ताकि असम के जो मूल निवासी हैं, वे अपनी पहचान बना पाएं। श्री राजीव गांधी जी ने बड़ी उदात्त भावना के साथ इस Assam Accord को साइन किया, असम के लोग बहुत खुश हो गए, वहां पटाखे जलाए गए, खुशियां मनाई गईं और फिर वह आन्दोलन वही पर समाप्त हो गया। लेकिन 1985 से लेकर जब तक श्री नरेन्द्र मोदी प्रधान मंत्री बने, तब तक क्लॉज़-6 की वह कमिटी बनी ही नही। ...**(व्यवधान)**... वह कमिटी बनी ही नही। मान्यवर, 35 साल तक किसी को चिंता नही हुई कि असम के लोगों की भाषा की रक्षा, साहित्य की रक्षा, संस्कृति की रक्षा, पूरे सामाजिक परिवेश की रक्षा, उनके political representation का protection, इन सारी चीज़ों के लिए जो करना था, वह हुआ ही नही। ...**(व्यवधान)**... कभी नही हुआ। ...**(व्यवधान)**... आप बोल रहे हैं, तो यह भी बताइए कि कब हुआ? ...**(व्यवधान)**... कभी नही हुआ। वह तब हुआ, जब इस देश ने नरेन्द्र मोदी जी को प्रधान मंत्री बनाया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई।

SHRIMATI RANEE NARAH: *

MR. CHAIRMAN: No, please. ...*(Interruptions)*... This will not go on record. ...*(Interruptions)*... This will not go on record. ...*(Interruptions)*... Madam, I have to name you. This will not go on record. ...*(Interruptions)*...

---

*Not recorded

मैडम, रानी जी, आप बैठ जाइए।...**(व्यवधान)**... This is not the way. I do not know why you are doing this. जब आपका मौका आएगा, तब आप आराम से बोलिएगा।

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैं असम के सभी मूल निवासियों को इस सदन के माध्यम से आश्वस्त करना चाहता हूं कि एनडीए की सरकार, भारतीय जनता पार्टी की सरकार क्लॉज़-6 की कमिटी के माध्यम से आपके सभी हितों की चिंता करेगी, इसमें आप किंचित मात्र भी शंका मत कीजिए। यह जो सरकार है, यह सरकार "सबका साथ, सबका विकास" के आधार पर चलने वाली सरकार है और हम मानते हैं कि असम आन्दोलन के अंदर जो शहीद हुए हैं, उन सारे लोगों की शहादत व्यर्थ नही जानी चाहिए। मान्यवर, अब असम की समस्या का सच्चा समाधान लाने का समय आ गया है, इसीलिए हमने क्लॉज-6 की कमिटी बनाई है, जिसमें AASU भी शामिल है, जिन्होंने आन्दोलन किया था और इसमें हमारे असम गण परिषद के साथी भी सम्मिलित हैं। मैं आपके माध्यम से इन सबसे निवेदन करना चाहता हूं कि जितनी जल्दी हो सके, कृपया क्लॉज-6 की कमिटी की रिपोर्ट आप भारत सरकार को भेज दीजिए, जिससे भारत सरकार आपके हितों की रक्षा कर पाए।

SHRI RIPUN BORA: *

MR. CHAIRMAN: This is misbehaving. Please sit down. This will not go on record. Nothing should be shown. ...*(Interruptions)*... Mr. Ripun Bora, don't be irresponsible. Please sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री अमित शाह: मान्यवर, असम के अन्दर बीटीसी कार्बी आंगलोंग, दीमा हसाओ ...**(व्यवधान)**... CAB से बाहर रखा जाएगा। ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, असम के छः समुदाय मोरन, मुटॉक, ताई अहोम, कोच राजबोंगशी, सुतीया को ...**(व्यवधान)**... हम उनके जनजातीय अधिकार देने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

MR. CHAIRMAN: Ghulam Nabiji, please take care of your Members. This is not the way. ...*(Interruptions)*... Then, I will not give any opportunity at all. ...*(Interruptions)*... No media should show this. No report should be made out of these irresponsible utterances without permission. ...*(Interruptions)*...

श्री अमित शाह: बोडो समुदाय के सांस्कृतिक विकास के लिए हमने बोडो म्युज़ियम भाषा तथा सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र स्थापित किया, कोकराझार में वर्तमान के दूरदर्शन और आकाशवाणी केन्द्र का आधुनिकीकरण किया तथा एक सुपरफास्ट ट्रेन का नाम अरोनई एक्सप्रेस किया है। मान्यवर, मैं यहां एक बात और बताना चाहता हूं। मान्यवर, मैं यह बताना चाहता हूँ कि हम

*Not recorded

जब यह बिल लेकर आये हैं, तब स्वाभाविक है कि ढेर सारी शंकाएँ यहाँ के और प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों के मन में हैं। मेरा इन सभी से निवेदन है कि वैसे तो लोक सभा में मैंने इसका डिटेल्ड जवाब दिया भी है, मगर फिर भी कुछ ऐसे बिन्दु, पहलू-- या तो लोक सभा में मैंने जो स्पष्टीकरण किया है, वह हो सकता है कि पर्याप्त न हो, तो मेरा आप सभी से निवेदन है कि आपके मन में जितनी भी शंकाएँ हैं, वे आप कृपया प्वाइंटवाइज़ यहाँ पर रखें। इस बिल पर पक्ष-विपक्ष की राजनीति से ऊपर उठ कर, आप इसकी चर्चा में contribute कीजिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आपकी हरेक शंका का, आपके मन में उठे हरेक सवाल का और आपको जो हरेक स्पष्टता चाहिए, उसका समाधान करने के लिए मैं बाध्य भी हूँ, तैयार भी हूँ और बड़े धीरज के साथ सबको सुनकर मैं उनका समाधान करने के लिए आपके सामने उपस्थित हूँ। मगर कृपया जब लाखों-करोड़ों लोगों को नागरिकता देकर उनके जीवन के अन्दर-- कई दशकों से जो प्रताड़ना वे झेल रहे हैं, जो अपमानित जीवन वे जी रहे हैं, उनको एक नया जीवन देने के लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी आये हैं, उनके लिए यह बिल पारित होते ही कल का सूर्य स्वर्णमय सूरज के रूप में उगने वाला है, उनके जीवन के अन्दर एक नयी आशा की शुरुआत होने वाली है, उनके जीवन के अन्दर एक नयी शुरुआत होने वाली है, इसमें हम सब शामिल हों। ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Mr. Ripun Bora, third time, if you rise from your seat, I will have to name you, and you will lose the opportunity to speak both now and in the evening also. ...*(Interruptions)*... You want to have voice or you want to make noise, choice is yours.

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैं सभी सवालों का बड़े धैर्यपूर्वक जवाब दूँगा। इतना विश्वास दिला कर, मैं अपनी बात को समाप्त करता हूँ और सभी सदस्यों से कहता हूँ कि आपके मन में जो-जो सवाल हैं, वे कृपया सदन के पटल पर रखें, मैं उनका जवाब दूँगा।

The questions were proposed.

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, the Business Advisory Committee has recommended to allot six hours for this important legislation. Though, in the other House, it was discussed less than this time. But, Rajya Sabha, being the Council of States, and after taking into consideration the suggestion, this time has been fixed. It is a very important legislation. We are all Elders. If there is concern in your heart and in your mind about your State, you have got every right to express it through a system. So, please follow the timings that have been allocated. Every party is given time as per the allocation of their membership in the House. One minute, this

[Mr. Chairman]

way or that way, this is not a big issue. We will be liberal. But, liberal does not mean that you go on speaking. We will be flexible, to the extent, provided everybody cooperates in that effort. Even, the smaller parties also will be given an opportunity. But, they should also keep it in mind that the points which they want to make, they should first make those points, and later, if you get time, then you can add to it. Otherwise, what is happening is that they make other points, and by the time the Chair asks them to conclude, then they say, 'Sir, the original point is still to be made'. So, keep that in mind. Now, I appeal to one and all, the entire country is watching the House, like it was watched on earlier two important occasions. So, please keep that in mind and make best of your efforts to present your point of view. That is my appeal to all of you once again. Now, the next speaker is Shri Anand Sharma. There are six speakers from your party; you might have discussed it already.

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh): Yes, Sir, I know that. We have apportioned it. माननीय उपसभापति महोदय, आपका बोर्ड काम नही कर रहा है।

श्री सभापति: सभापति कहिए।

श्री आनन्द शर्मा: महोदय, मैं गलती की माफी चाहता हूँ। वह बोर्ड काम नही कर रहा है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: वह काम करेगा। Don't worry.

श्री आनन्द शर्मा: माननीय सभापति महोदय, अपने पहले सम्बोधन के लिए मैं क्षमा चाहता हूँ। उस समय मैं उस बोर्ड की तरफ देख रहा था।

महोदय, गृह मंत्री जी ने अभी सदन में नागरिकता विधेयक में संशोधन लाने का एक प्रस्ताव लाया है। पिछले कुछ साल से इसकी चर्चा रही है। 2016 में भी यह बिल लाया गया था। उस बिल में और इस बिल में काफी अन्तर है। मैंने सरकार के पक्ष को, गृह मंत्री जी को सुना, दूसरे सदन में भी, यह कथन है कि सबसे बातचीत हो चुकी है। इसकी जाँच-परख हो चुकी है, मैं इससे सहमत नही हूँ और न मेरा दल, क्योंकि जो परिवर्तन हुए हैं, उसकी scrutiny होना जरूरी है। आपने कहा कि यह एक ऐतिहासिक बिल है, पर इतिहास इसको किस दृष्टि से देखेगा, वक्त बताएगा। अगर आप बदलाव लाए थे, बेहतर होता, प्रजातंत्र की यह रिवायत है, इसको दोबारा दिखवाते। जल्दीबाजी क्यों? इसको पार्लियामेंट

की कमेटी को भेजते और अगले सत्र में इसको लेकर आते। हमने माँग की थी, पर सरकार अपनी ज़िद पर कायम है, चाहती है कि इसको करें, जैसे कोई बहुत बड़ी विपत्ति भारत के सामने है, ऐसा जो कि पिछले 72 साल में नही देखा गया, इसलिए इसको तुरंत करना जरूरी है। हम इसका विरोध करते हैं। विरोध के कारण राजनीतिक नही हैं, बल्कि संवैधानिक हैं, नैतिक हैं। I am convinced that the Bill that you have brought is an assault on the very foundational values of the Indian Constitution. It is an assault on the Republic of India. It hurts the soul of India. It is against our Constitution; it is against our democracy. It fails the morality test. It is divisive and discriminatory. It is against the very Preamble of the Constitution of our Republic, which talks of liberty, equality and secularism. This is the reason I stand to oppose this Bill. नागरिकता; हिन्दुस्तान की आजादी के बाद देश का बंटवारा हुआ था, नागरिकता की व्याख्या और कानून बनाने की आवश्यकता पर भारत की संविधान सभा ने व्यापक चर्चा की थी, जिसकी अध्यक्षता प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद जी करते थे, डा. बी. आर. अम्बेडकर ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन थे और संविधान की समिति के अध्यक्ष पं. जवाहरलाल नेहरू थे, जिनका एक बहुत बड़ा योगदान और कुर्बानी हिन्दुस्तान की आजादी में है।

पार्टिशन की पीड़ा पूरे देश को थी। उस समय जो लोग नेता थे, जिन पर जिम्मेवारियाँ थी, जिन्होंने हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई लड़ी थी, महात्मा गाँधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय आन्दोलन में हिस्सा लिया था, उनको मालूम था कि बंटवारे के बाद नागरिकता का क्या महत्व है। उसको इन्होंने समझा। पर, सिटिज़नशिप का कॉसेप्ट क्या है? वह भौगोलिक है, territorial है, जन्म से है, स्वयं के जन्म से, माता-पिता के जन्म से और हमारे संविधान निर्माताओं ने तो आगे जाकर ग्रैंड पैरेंट्स के जन्म से भी किया, ओरिजिन से किया, दादा-दादी, नाना-नानी, वे शब्द इस संविधान के अंदर शामिल किए गए, धारा 5 से लेकर धारा 11 तक, यह संविधान के अंदर है। उन्होंने सब कुछ उल्लेख किया है, जो माननीय गृह मंत्री जी ने अभी कहा कि जो विस्थापित थे, बंटवारे के बाद जो पीड़ित थे, क्या संविधान निर्माताओं का यह सम्मान करना है? अगर हम आज 72 साल के बाद 2019 में यह कथन कहें कि उनको कोई समझ नही थी, उन्होंने इस पर गौर नही किया था, कुछ नही सोचा था, यह गलत बात है।

आपने जहाँ तक naturalisation process का जिक्र किया कि लोगों को नागरिकता दी जाए। भारत के संविधान में उसमें कोई भेदभाव नही किया गया, कोई परहेज नही है। हिन्दुस्तान के बंटवारे से उजड़े और उत्पीड़ित लाखों लोग, जो पश्चिम और पूर्वी पाकिस्तान से आए थे, क्या उनको सम्मान नही मिला? दो-दो प्रधान मंत्री भी बने, एक डा. मनमोहन सिंह जी यहाँ बैठे हैं और एक आई. के. गुजराल भी थे। हमें मालूम है, परिवार टूटे थे,

[श्री आनन्द शर्मा]

रक्तपात और नरसंहार हुआ था, गृह मंत्री जी, उनको न्याय दिलाना, बराबरी का अधिकार और समान अधिकार, यह प्रतिबद्धता भारत देश की थी। देश के संविधान निर्माताओं ने यह सुनिश्चित किया था। मैंने बताया कि संविधान में इसका स्पष्ट प्रावधान है, जो आप लेकर आए हैं, यह कोई नई बात नही है। मान्यवर, आर्टिकल-6 में यह लिखा है, मेरे बाद मेरे और साथी भी बोलेंगे, जो कानून के अच्छे अधिवक्ता हैं, वे इसका उल्लेख करेंगे कि सिटिजनशिप एक्ट में नही, संविधान में इसका प्रावधान किया गया है। जहाँ तक सिटिजनशिप एक्ट की बात है, यह 1955 में आया, उसके बाद इसमें नौ बार बदलाव भी हुआ, संशोधन हुआ, पर जो हमारा मूलभूत संविधान है, उसमें किसी संशोधन से कोई परिवर्तन या कोई टकराव कभी नही हुआ। माननीय गृह मंत्री, इतिहास बड़ा महत्व रखता है। मेरा कर्तव्य बनता है कि मैं उसको सदन में रखूँ। क्योंकि आपने दूसरे सदन में हिन्दुस्तान के बंटवारे का ज़िक्र किया और बंटवारे का दोष उन लोगों पर लगाया, भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस पर और उन नेताओं पर लगाया, जिन्होंने अंग्रेज़ों की जेलों में बरसों गुजारे, कुर्बानियाँ दी और हिन्दुस्तान की आज़ादी के लिए संघर्ष किया। यह न्यायोचित नही है। मैं आपसे यह आग्रह करता हूँ कि अगर आप कहते हैं कि राजनीति नही होनी चाहिए, तो यह राजनीति भी बंद होनी चाहिए। वह महात्मा गाँधी के नेतृत्व में था, उसमें सरदार पटेल, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना आज़ाद, सभी लोग शामिल थे। उन स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को - आपको उनके मत से, विचारधारा से कोई भी परहेज हो, पर इतिहास में वह अंकित है, उससे इन्कार नही किया जा सकता और अगर आज की सरकार वैसा करती है, तो मैं कहूँगा कि उसको नकारना अन्याय होगा, इतिहास का अपमान होगा। इतिहास को बदला नही जा सकता। दुनिया में यह कोशिश बहुत हुई, कई सरकारें, कई शासकों ने नया इतिहास लिखने का प्रयास किया, पर वे लिख नही पाए, क्योंकि मनुष्य के जीवन में यही है, यही राजनीति और यही प्रजातंत्र की सच्चाई है कि कभी न कभी जब परिवर्तन होता है, तब सच्चाई और इतिहास अपने आप को पुन: प्रचंड रूप में प्रकट करती है।

मान्यवर, एक नज़रिया उन लोगों का भी था, जो गाँधी जी और कॉंग्रेस के मत के विरोधी थे। उसमें मुस्लिम लीग थी, उनके नेता जिन्ना थे, हिन्दू महासभा थी, उनके नेता विनायक सावरकर थे। मान्यवर, जो बंटवारे की two-nation theory है, उसे कॉंग्रेस नही लाई, बल्कि 1937 में अहमदाबाद में हिन्दू महासभा ने प्रस्ताव पारित किया था। उसकी अध्यक्षता सावरकर जी ने की थी। सन् 1938 में, उसके एक साल के बाद मुस्लिम लीग का अधिवेशन हुआ, उसमें Partition of India Resolution adopt किया गया। उसे फजलूल हक ने मूव किया, जो बाद में इनके साथी भी बने, बंगाल के मुख्य मंत्री बने और पाकिस्तान के प्रधान मंत्री बने। इसके बाद, आप अंग्रेज़ों की भूमिका की चर्चा क्यों नही करते? लड़ाई तो अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ थी। What was the role of the British? They gave power of

veto to the Muslim League and Jinnah after 1938. 1938 और 1943 के घटनाक्रम को हिन्दुस्तान और इतिहास भूल नही सकता। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हो गया था, कॉंग्रेस ने विरोध किया था, 1942 में गाँधी ने भारत छोड़ो का नारा दिया था, कॉंग्रेस का नेतृत्व कैद कर लिया गया था, कोई नेता बाहर नही था, तीन साल तक सारी कॉंग्रेस, कॉंग्रेस को बैन कर दिया गया था, illegal organization कह दिया था, जेलों के अंदर हजारों लोग बंद थे, सूबों में कॉंग्रेस की सरकारें डिस्मिस कर दी गई थी, इस्तीफे हो गए थे, तब यही दो संगठन आगे आए और Viceroy Linlithgow को एक के बाद एक चिट्ठी दी। चाहे वह हिन्दू महासभा थी, चाहे वह मुस्लिम लीग थी, जिन्होंने कहा कि 'We will help in the formation of Governments in the provinces loyal to Her Majesty's Government.' ...*(Interruptions)*... क्या वह सरकार बंगाल में नही बनी?

MR. CHAIRMAN: This will not go on record. ...*(Interruptions)*... Why are you wasting your. ...*(Interruptions)*...

श्री आनन्द शर्मा: क्या वह सरकार पंजाब में नही बनी? ...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: He is speaking. ...*(Interruptions)*... He is speaking. Your leader is speaking. ...*(Interruptions)*... Respect him.

श्री आनन्द शर्मा: माननीय, यह जिक्र क्यों नही आया कि हिन्दुस्तान का बँटवारा, Independence of India Act, जिसे House of Commons, British Parliament ने पास किया था, उसके कारण हुआ? कॉंग्रेस को भी दोष देना गलत है। अगर किसी को नया इतिहास लिखने का प्रोजेक्ट दिया गया है, तो कृपा करके ऐसा अन्याय मत कीजिए, आपसे यह मेरा आग्रह रहेगा। पर, एक चीज़ जरूर है। सन् 1943 में औपचारिक रूप से घोषणा कर दी गई -- सावरकर जी ने -- मैं जो ये सारी बातें कह रहा हूँ, authenticate करके सभा पटल पर रखूँगा, ताकि भविष्य में इस सच्चाई की याद रहे। उन्होंने कहा, "I have no problems with Mr. jinnah's proposal of a two-nation theory." It is on record.

माननीय, अगर मैं आज के परिप्रेक्ष्य में कहूँ, तो Citizenship Act में जो नौ बार संशोधन आए, उनमें से कई महत्वपूर्ण थे, मैं किसी को नगण्य नही मानता। उसके बाद लोगों को नागरिकता दी गई। जब गोवा आज़ाद हुआ, दमण-दीव आज़ाद हुए, पॉंडिचेरी आज़ाद हुआ, तब वहाँ के जो नागरिक थे, उनको नागरिकता दी गई। उसके बाद, जब भारतीय मूल के लोगों को अफ्रीका, केन्या, युगांडा और सीलोन यानी श्रीलंका में तकलीफ हुई, वहाँ से उनको निकाल दिया गया, तो भारत सरकार ने आवाज़ उठाई और अंग्रेज़ी हुकूमत से बात की। उसके बाद, जो लोग यूके में जाकर रहना चाहते थे, उनको वहाँ की नागरिकता मिली और जो हिन्दुस्तान वापस आना चाहते थे, वे यहाँ आए। माननीय गृह मंत्री जी, आपके

[श्री आनन्द शर्मा]

गुजरात में भी ऐसे बहुत-से लोग हैं, जो केन्या से आए हैं, ऐसे बहुत-से लोग हैं जो युगांडा से आए हैं। उनको सम्मान भी मिला, अधिकार भी मिला, नागरिकता भी मिली, ज़मीन भी मिली और कारोबार भी मिला। इसलिए यह कहना कि 72 साल में वे करोड़ों-करोड़ लोग उजड़े, उत्पीड़ित रहे और किसी सरकार ने कुछ सोचा नही -- आप इसको लाने से पहले सोचते, सब सरकारें, हमारी तो गलत रही -- मान्यवर, श्री अटल बिहारी वाजपेयी भी 6 साल देश के प्रधान मंत्री थे, कृपा करिए, वे तीन बार बने थे। आडवाणी जी भी उप-प्रधान मंत्री रहे। इसी सदन में इस पर चर्चा हुई है, आप उसका उल्लेख भी करेंगे।

मैं यह बात कहना चाहता हूँ कि जब भी संशोधन हुए, जब भी नागरिकता दी गई, भारत की सरकार और संसद ने धर्म को कभी भी नागरिकता का आधार नही बनाया। इसलिए हमने कहा, यह हमारे मूलभूत सिद्धांतों से टकराता है। Article 14 guarantees equality before law and equal protection of law. Article 15 prohibits any discrimination on grounds of religion, colour, caste or creed. Given the time constraints, I am not reading it and just referring to these Articles. Therefore, this Bill of yours fails the constitutionality test.भारत ने refugees को, शरणार्थियों को सदैव शरण दी। दुनिया के उत्पीड़ित लोग, जो हिंसा के शिकार थे, जिनका तिरस्कार हुआ, अपमान हुआ, भारत ने सदियों से उनको शरण दी, चाहे वे यहूदी थे, पारसी थे या ईसाई थे।

मान्यवर, मैं एक तारीख, 11 सितम्बर का जिक्र करना आवश्यक समझता हूँ। 9/11, दुनिया आज इस तारीख को अमेरिका पर हुए हमले को याद करके जानती है, पर पिछले 126 बरस में चार घटनाएँ 11 सितम्बर, यानी 9/11 को हुई हैं- एक तो अमेरिका का हमला हुआ, मैंने बताया; एक घटना वर्ष 1973 में हुई थी, वह भी दुखद थी जब चिली में सल्वाडोर अलेंदे को मार दिया गया था और दसियों हज़ार लोग military coup में कत्ल कर दिए गए थे। तीसरा, जो अच्छा था, वह महात्मा गांधी जी का सत्याग्रह था, वह भी 9 सितम्बर, 1906 को Johannesburg, South Africa से शुरू हुआ था, सत्याग्रह से हिन्दुस्तान बाद में आज़ाद हुआ, किंतु मैं जिस 9 सितम्बर का ज़िक्र कर रहा हूं, वह है 9-11-1893, स्वामी विवेकानन्द, आप स्वामी विवेकानन्द जी को मानते हैं, हम सब मानते हैं, पूरे देश को उन पर गर्व है, जो उन्होंने कहा। हम हृदय से उनका सम्मान करते हैं, अधिकांश भारत के लोग, चाहे वे हिन्दू हों या किसी भी धर्म के हों, स्वामी विवेकानन्द जी को दुनिया मानती है। आप शिकागो जाएं तो देखेंगे कि वहां के सिटी हॉल की हर सीढ़ी पर एक-एक पंक्ति उनके उस भाषण की लिखी है, जो उन्होंने World Religion's Conference में दिया था। उसमें लिखा है कि "I am proud to belong to a nation which has sheltered the

persecuted and the refugees of all religions and all nations of the earth. I am proud to tell you that we have gathered in our bosom the purest remnant of the Israelites, who came to Southern India and took refuge with us in the very year in which their holy temple was shattered to pieces by Roman tyranny. I am proud to belong to the religion which has sheltered and is still fostering the remnant of the grand Zoroastrian nation." I will not read beyond but he has talked of religion, no discrimination ever by India.

जिस देश ने यह कहा। आपकी क्या प्राथमिकता होनी चाहिए। हमने संयुक्त राष्ट्र संघ में Human Rights Convention को ratify किया, हम Human Rights Council में भी हिस्सा लेते हैं। यह मानव अधिकार की बात है, मानवता की बात है। मान्यवर, आपने persecuted minorities की बात की है। आपके बिल में उसका उल्लेख नही है, जिसके लिए सुखेन्दु शेखर राय जी कह चुके हैं, मैं उसको दोहराऊंगा नही। अगर आप वाकई उनके लिए लाए हैं तो बिल में ज़िक्र क्यों नही है, उसकी व्याख्या क्यों नही है? अगर आपको इतनी ही चिंता है तो refugees पर कानून क्यों नही है। आप देश के अंदर उसको भी बनाइए। मैं सोचता हूं कि ये प्राथमिकताएं चर्चा के बाद होनी चाहिए। यह बात दलगत राजनीति से ऊपर उठकर होनी चाहिए। गृह मंत्री जी, अगर आपने दिल से यह बात कही है तो आज आप इसको रोक लें, चर्चा करें, ताकि आम सहमति से बात बने।

मैं समझता हूं कि सदन के और पूरे देश की संवेदना उत्पीड़ित मानवता के साथ है, किंतु मुझे नही लगता कि इसका कारण केवल यह है, महोदय, कारण राजनीतिक है। आप भी जानते हैं, स्वीकारेंगे नही, हम भी जानते हैं, क्योंकि संविधान में तो उन लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है। माननीय गृह मंत्री जी, आपने वर्ष 2019 के चुनाव का ज़िक्र किया, बीजेपी के manifesto का ज़िक्र किया। सभापति महोदय, हर राजनैतिक दल को अपना manifesto लिखने का अधिकार है। आपका अनुभव है, पर किसी भी दल का घोषणापत्र भारत के संविधान से नही टकरा सकता और न ही उसके ऊपर जा सकता है, चाहे वह कोई भी हो। जनादेश की बात है तो हम सम्मान करते हैं, आप जीत कर आए हैं, हम हार कर आए हैं, तभी हम यहां बैठे हैं और आप वहां बैठे हैं। हमने आपको कई बार बधाई दी है, किंतु संविधान की शपथ आपने भी ली है, माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी ली है और हम सबने ली है, उसका क्या होगा? उसके बारे में चर्चा ज़रूरी है। इसलिए मैं आपसे यह कहूंगा कि जहां तक, हमारे बहुत उदाहरण हैं, मैं उसमें नही जाऊंगा। आपने कहा कि हमने सब समाधान कर दिए, कुछ नही किया। प्रावधान के बारे में जैसा मैंने कहा कि आर्टिकल 6 में भी है, Citizenship Act में भी है, registration से citizenship का भी है, naturalization से भी है। आपने Schedule Three में समय घटा कर 11 साल से 7 साल

[श्री आनन्द शर्मा]

किया है, यह आपका बिल कहता है, मैं नही कहता। एकदम से मिल जाएगा, ऐसा कुछ नही हुआ। आप अपने उत्तर में बताएं कि कितने लाखों-करोड़ों लोगों ने आवेदन पत्र दिए हैं।

मैं दो बातें कहना ज़रूरी समझता हूं। आपने दूसरे सदन में कहा कि हम पूरे देश में एनआरसी लाएंगे, यह असली बात है। असम का क्या अनुभव है, मेरे असम के साथी उस पर बोलेंगे। असम जल रहा है, आपको बोलना पड़ा। वे उत्पीड़ित लोग नही हैं। अगर आप अच्छा कर रहे हैं, तो उनके मन में insecurity क्यों है, असुरक्षा की भावना क्यों है? क्यों बच्चे निकलकर बाहर आ गए हैं? इंदिरा जी के समय में जो AASU आंदोलन हुआ था...**(व्यवधान)**...

सुश्री सरोज पाण्डेय (छत्तीसगढ़): क्योंकि उसके पीछे...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा: आप बीच में मत बोलिए।

श्री सभापति: प्लीज़, नही।

श्री आनन्द शर्मा: यह उचित नही है। आप इसको निकाल दीजिए और मेरा समय वापस कर दीजिए। अब मुझे एक बात कहनी है ... सर, मैं दो बातें जरूर कहूंगा और उसके बाद खत्म कर दूंगा। यह मेरे दल की बात है और मेरे दल वाले उसको adjust कर लेंगे। सर, दो बातें हैं, जो मैं समझता हूं कि कहनी जरुरी हैं। पहली तो यह है कि आप जो एन.आर.सी. ला रहे हैं... माननीय गृह मंत्री जी, मैंने इतवार को बी.बी.सी. चैनल पर detention centre पर एक documentary देखी थी। मै चाहता हू कि गृह मंत्री जी सर्वदलीय delegation लेकर जाएं, वहां के हालात देखें कि क्या वह इंसानों के रहने की जगह है? हिंदुस्तान को शर्म आती है कि 21वी सदी के अंदर हमने इस तरह से लोगों को रखा है। माताओं को बच्चों से दूर और बच्चों को माताओं से दूर रखा है। उनके लिए कोई सुविधा नही है। 600 लोग 5 कमरों में रहते हैं, पांच नलके हैं। इससे इंकार करें कि यह वास्तविकता नही है और जो पूरे देश के एन.आर.सी. की बात कह रहे हैं, उसमें असुरक्षा की भावना है। आप इसकी पुष्टि करें या इंकार करें कि देश के कई राज्यों के अंदर जगह ले ली गई है और detention centres बन रहे हैं, जब एन.आर.सी. बनेगा। क्या पूरे भारत में detention centres बनेंगे, जो पिछली शताब्दी की याद दिलाएंगे concentration camps की, जो यूरोप में होते थे। इस देश में यह एक अन्याय होगा। केवल महात्मा गांधी जी और सरदार पटेल का नाम लेना पर्याप्त नही है। मुझे नही पता कि जीवन में क्या होता है। मैंने सिर्फ सुना है कि हमारे धर्म में पुनर्जन्म को मानते हैं। अगर सरदार पटेल आपके प्रधान मंत्री जी को मिलें, तो वे बहुत नाराज़ होंगे, यह मैं कह सकता हूं। गांधी जी तो

दुखी होंगे ही कि मेरे 150 साल मना रहे हो और ऐसा करते हो। गांधी जी का चश्मा केवल विज्ञापन के लिए नही और उनका नाम नही, मेरा आपसे आग्रह है कि उनके चश्मे से हिंदुस्तान को देखिए, समाज को देखिए और मानवता को देखिए। आपका CAB उससे टकराता है। मैं सिर्फ गांधी जी के बारे में कहकर अपनी बात को खत्म करता हूं। सभापति महोदय, जैसा मैंने कहा कि मैं इसको कहना जरुरी समझता हूं। महात्मा गांधी जी ने कहा था कि: "I do not want my house to be walled in on all sides and my windows to be stuffed. I want the cultures of all lands to be blown about my house as freely as possible. But I refuse to be blown off my feet by any."

अंत में, हिन्दी में, "मैं नही चाहता कि मेरे घर के चारों तरफ दीवारें बनी हों और खिड़कियां बंद हों। मैं चाहता हूं कि सभी देशों की संस्कृतियां मेरे देश में यथासंभव मुक्त रूप से आएं, परंतु मेरी संस्कृति भी अक्षुण्ण रहे।" इनका सम्मान करें। मैं आपका धन्यवाद देता हूं, गृह मंत्री जी, इस पर ग़ौर करें। मेरा आपसे यही आग्रह है कि जल्दबाजी न हो। ऐसी कोई वजह नही है, आप इस राजहठ को छोड़ें, इसको कमेटी को भेजें, सबसे बात करें, ताकि देश में जो भावनाएं हैं, वे केवल शब्दों से नही, आपके एक्शन से खत्म होंगी। हमारे बच्चे सड़कों पर हैं, लोग परेशान हैं... धन्यवाद, जय हिंद, जय भारत!

MR. CHAIRMAN: Anand Sharmaji, you have taken 24 minutes because you said that the party will take care, so it will be taken care. I can understand smaller parties getting a little extra time, one minute, two minutes; I will accommodate. But, the bigger parties have to adjust within the time that is given because they have been given already a good amount of time. Once again, I repeat my appeal. When a speaker is speaking, making his own submission, others should patiently, respectably hear him, and If you want to cheer also, that should be quietly but not by other means. That has to be understood by one and all. Shri Jagat Prakash Nadda.

श्री जगत प्रकाश नड्डा (हिमाचल प्रदेश): सभापति जी, मैं The Citizenship (Amendment) Bill, 2019 के समर्थन में खड़ा हुआ हूं और इसके समर्थन में बोलने के लिए आज अपने विचारों को आप सबके सामने व्यक्त करना चाहता हूं। सबसे पहले मैं सम्माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं और धन्यवाद देता हूं जिन्होंने यह इच्छाशक्ति दिखायी। The Citizsenship (Amendment) Bill, 2019 को पहले लोक सभा में पेश किया गया और आज राज्य सभा में यह बिल चर्चा के लिए आया है। | I also want to congratulate the Home Minister who is the architect of this Citizenship Amendment Bill, 2019. जो इसके सूत्रधार हैं, उन्होंने बहुत ही बारीकियों से सारी बातों को समझते हुए उनका इस बिल में समावेश करते हुए देश के अंदर जो लम्बे समय से एक अन्याय के वातावरण में लाखों लोग जी रहे थे,

[श्री जगत प्रकाश नड्डा]

उन्हें सम्मान के साथ जीने का एक रास्ता देने का प्रयास किया है, इसके लिए मैं आदरणीय गृह मंत्री जी को भी बधाई देता हूं और उनका धन्यवाद करता हूं कि वे The Citizenship (Amendment) Bill, 2019 लेकर आए हैं।

अभी मैं आनन्द शर्मा जी का विद्वतापूर्ण वक्तव्य सुन रहा था। उनका भाषण विद्वतापूर्ण था। अकसर वकीलों के पास जब arguments की कमी होती है तो वे अपनी विद्वता का प्रदर्शन करते हुए कई arguments ले आते हैं, जिनका मूल से संबंध कम होता है। ...**(व्यवधान)**...

श्री सुखेन्दु शेखर राय: सर, यह वकीलों के खिलाफ है।

श्री सभापति: चलिए, बोलिए प्लीज़।

श्री जगत प्रकाश नड्डा: जिसका मूल से संबंध कम होता है। इसलिए कई बार ऐसा लगता है कि जो वक्तव्य आया है, उसमें force तो बहुत होता है, उसमें आवाज़ भी बहुत होती है, लेकिन तथ्य कम होता है। मैं record को straight करना चाहता हूं और record straight यह करना चाहता हूं कि हम कभी गांधी जी की बात करें, कभी सावरकर जी की बात करें, कभी हम किसी की बात करें, वह करना ठीक है, लेकिन आज जिस Citizenship (Amendment) Bill के बारे में हम बात कर रहे हैं, उसका आधार सिर्फ एक है कि अफगानिस्तान, बंगलादेश और पाकिस्तान में जिस minority का religious persecution हुआ है, प्रताड़ना हुई है और उन लोगों ने भारत में शरण ली है या शरण लेना चाहते हैं, उन्हें citizenship right देने का अधिकार देने का काम है, यह मूल बात है। This is the essence of this Bill. हम essence से इधर-उधर जाएं तो शायद हम रास्ते से भटक जाएंगे और जो हमारा उद्देश्य है, उसे हम पूरा नही कर सकेंगे।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि यह समस्या आज की नही है, यह समस्या उसी समय शुरू हो गयी थी, जब हमें आज़ादी मिली और आज़ादी के साथ-साथ देश का विभाजन हुआ। जब देश का विभाजन हुआ तो यह स्पष्ट था कि वह विभाजन धर्म के आधार पर हुआ। We cannot mince words. This may be uncomfortable but we will have to venture on it. सच्चाई यही थी कि धर्म के आधार पर विभाजन हुआ और इस विभाजन की tragedy - हम में से कई लोग उस समय पैदा भी नही हुए थे, मैं तो पैदा भी नही हुआ था, लेकिन जो मैंने सुना और इतिहास गवाह है कि दुनिया में आज तक इतना बड़ा नरसंहार और इतनी अधिक संख्या में लाखों लोगों का एक बॉर्डर से दूसरे बॉर्डर जाना और दूसरे से इधर आना - ऐसा न पहले कभी हुआ और न उसके बाद हुआ है, यह हमें ध्यान में रखना चाहिए। रातों-रात लोगों को अपने घर छोड़कर निकलना पड़ा था, रातों-रात अपनी properties छोड़कर निकलना पड़ा था, law and order situation में उन्हें कोई संरक्षण

1.00 P.M.

मिले, ऐसी कोई परिस्थिति नही रही थी, यह tragedy और यह नरसंहार उस समय लोगों ने देखा था। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस नरसंहार के समय उस समय के प्रधान मंत्री यह चाहते थे कि दोनों देशों में minorities protect की जाएं, उनकी इच्छा थी कि दोनों countries में minorities protect हों। उस समय बंगलादेश नही था, East Pakistan और West Pakistan था, लेकिन वे protect हों, इस बात की इच्छा उनके मन में थी।

लेकिन इच्छा होना और सच्चाई में धरातल में उतरने में जमीन-आसमान का अंतर होता है। सच्चाई क्या हुई, हम लोग इस विभाजन की जब बात करते हैं, तो हम कह सकते हैं कि उस समय इंडिया में माइनॉरिटीज़ कौन थे? मुस्लिम्स, सिख, जैन, बुद्धिस्ट, क्रिश्चियन और पारसी माइनॉरिटीज़ थे। उस समय पाकिस्तान में, ईस्ट और वैस्ट पाकिस्तान में माइनॉरिटीज़ कौन थे? Hindu, Sikh, Jain, Buddhist, Christian, Parsis are minorities. They were minorities. यह स्पष्ट था। मैं इसकी clarity इसलिए कर रहा हूं कि यह जो हम हिंदू-मुस्लिम, हिंदू-मुस्लिम की बात करते हैं, we should be clear that the Hindu was in majority in India, and the Hindu was in minority in Pakistan. We should be very clear about this. We should be very clear that the Muslims were in majority in Pakistan and in minority in Hindustan, in India. We should be very clear about this. इसलिए religious आधार की बात करते हैं ...**(व्यवधान)**... माइनॉरिटी को हमें समझना पड़ेगा।

MR. CHAIRMAN: What is this? जो सदस्य बैठकर बोलेंगे, उनको बाद में मौका नही मिलेगा। अगर उनका नाम है और पार्टी ने भी दिया है, तो भी मैं मौका नही दूंगा। ...**(व्यवधान)**... उपसभापति और पैनल वाइस चेयरमैन इसे नोट कीजिए।

श्री जगत प्रकाश नड्डा: जहां पर एक-समान माइनॉरिटी होती है, वह दूसरे देश में मेजॉरिटी होती है और दूसरे देश में जहां माइनॉरिटी होती है, वह इस देश में मेजॉरिटी होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जवाहरलाल नेहरू और लियाकत अली खां का पैक्ट हुआ था, जिसको नेहरू-लियाकत पैक्ट कहते हैं। इस पैक्ट के तहत इस बात की चिंता की गई थी कि दोनों ही जगहों पर माइनॉरिटीज़ की चिंता की जाए और माइनॉरिटीज़ को संभालकर रखा जाए और उनकी जनता की हिफाजत की जाए। This was Nehru-Liaquat Pact और इसके तहत यह कार्य हुआ था। लेकिन ऐसा हुआ नही और ऐसा हुआ नही, वह धर्म के आधार पर विभाजन तो हुआ, लेकिन यह जो accord था, यह पेपरों में रह गया, कागजों में रह गया, सच्चाई में नही रहा। हमको यह भी मालूम है कि 1950 में जब इंडिया ने अपना संविधान adopt किया और उसको लागू किया, तो हमने कहा "We, the Socialist, Secular, Republic of India" हमने सेक्युलर होना तय किया और भारत को धर्मनिरपेक्ष देश बनाया, लेकिन पाकिस्तान ने इस्लामिक नेशन पाकिस्तान को घोषित किया, यह

[श्री जगत प्रकाश नड्डा]

हमको मालूम होना चाहिए। Theocratic State बनाई और constitutionally वहां का religion इस्लाम तय हो गया और उसकी दृष्टि को ध्यान में रखकर उन्होंने आगे बढ़ाने का प्रयास किया। यह बात हम आज नही कह रहे हैं, हम जनसंघ के दिनों से कह रहे हैं। मैं अपना 1970 resolution जनसंघ का उद्धृत करना चाहता हूं, जो उस समय की वीभत्स परिस्थितियों के बारे में भी इंगित करता है और अपने आंकड़ों के बारे में भी इंगित करता है कि वहां की परिस्थिति क्या रही। मैं quote करता हूं, "भारत के लिए गर्व का विषय है कि उसने अपने वचन और अल्पसंख्यक मुसलमानों की पूरी तरह रक्षा की है तथा उन्हें बराबरी के अधिकार दिए हैं। भारत में मुसलमानों की तेजी से बढ़ती जनसंख्या इस बात की साक्षी है कि 1961 की जनगणना के अनुसार यह जनसंख्या 5 करोड़ थी, जो अब 6 करोड़ से आगे बढ़ गई है। पाकिस्तान में भी जनसंख्या वृद्धि की गति भारत के समान ही है, लेकिन पाकिस्तान ने भी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए दिए गए आश्वासन का समादर किया होता, तो 1961 की जनगणना में अल्पसंख्यकों की संख्या ढाई करोड़ होनी चाहिए थी, परंतु अल्पसंख्यकों की संख्या घटकर मात्र 90 लाख रह गई है। इन 20 वर्षों में 1 करोड़ अल्पसंख्यकों के मारे जाने तथा उनके विस्थापन का उदाहरण इतिहास में नही मिलेगा। यह हमारा 1970 का resolution है और वहां अल्पसंख्यक की संख्या घट गई, यह हमको ध्यान में रखना चाहिए। आज अगर हम बात करें, 1947 में पाकिस्तान में minorities were 23 per cent, and in 2017, minorities were 2.3 per cent. This is Pakistan, and this is what we have to understand. हम इधर-उधर की बात न करें, हम मूल पर आएं और मूल यही है, जिसको मैं कह रहा हूं। In 1951, the minorities in India were 9.8 per cent, and in 2010, the minorities in India are 14.23 per cent. पूरे जीने का अधिकार जो मिला है, वह भारत में मिला है और यहां पर माइनॉरिटीज़ फली-फूली हैं और यह हमारी बुलन्दी है, जिसको हम आपके सामने कहना चाहते हैं। महोदय, हमने सबको बराबर देखा है और सबको बराबर समझने का प्रयास किया है। जब मैं वहां, दूसरी तरफ देखता हूं, तो पाता हूं कि galaxy of leaders, galaxy of lawyers और हर तरीके के विद्वान लोग वहां बैठे हैं। कई बार ऐसी स्थिति आती है कि समझते नही हैं, लेकिन राजनीति में ज्यादातर स्थिति ऐसी आती है कि हम समझना चाहते नही हैं। यहां आप समझना चाह नही रहे हैं। You are bringing in Article 14 of the Indian Constitution. You are bringing in right to equality. It has got nothing to do with the right to equality. भारत के किसी भी नागरिक की equlaity पर, इस बिल के पारित होने पर जरा सी भी आंच नही आएगी, इसे आपको समझना चाहिए। It is very clear. साफ शब्दों में है कि कही भी right to equlaity पर कोई असर नही कर रहा है।

महोदय, ये बेचारे बाहर से आए लोग हैं। मैं जब Health Minister था, तब उनसे मिला। आप लोगों में से, मैं नही जानता कि कितने लोगों को आपने देखा है, जो पाकिस्तान से religiously persecute होकर यहां आए हैं। आइए मेरे साथ इंदौर चलिए, आइए मेरे साथ आप कच्छ के बॉर्डर पर चलिए, आइए हम आपको दिखाते हैं वैस्ट बंगाल की तरफ, आप देखेंगे कि डॉक्टर्स की डिग्री वहां से पास कर चुके हैं, but, they are not allowed to practice in India because they don't have the citizenship right there. वे कहां जाएं? उन्होंने medical की परीक्षा पास की है। मैं Health Minister था, लेकिन मैं लाचार था, क्योंकि उन्हें medical की practice करने की permission देने में हमें कानून बाध्य कर रहा था। अब क्या वे यहां 54-55 साल की उम्र में मेडिकल की पढ़ाई करेंगे? वे religiously persecute हो गए। आप उनके वहां जाकर हालात देखिए। अगर आप लोगों में से एक भी नेता उनकी हालत को देखेगा, तो वह तुरन्त ही इस अमेंडमेंट बिल पर मोहर लगाएगा, यह बात मैं आपसे कहना चाहता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Shri K.K. Ragesh; not present. Shri K.T.S. Tulsi; not present. Dr. Narendra Jadhav; not present. श्री संजय राउत। आपके लिए यहां पर तीन मिनट का समय है।

श्री संजय राउत (महाराष्ट्र): सर, तीन मिनट में क्या होगा?

श्री उपसभापति: 6 घंटे के अंदर इतना ही समय है।

श्री संजय राउत : सर, The Citizenship (Amendment) Bill, 2019 जो लोक सभा में पास होकर राज्य सभा में आया है, मैं देख रहा हूं कि अलग-अलग मत प्रवाह यहां देखने को मिले। लोकतंत्र में इस प्रकार से जब अलग मत प्रवाह होते हैं, यही हमारी democracy है। मैं कल से देख रहा हूं, कल से सुन रहा हूं, यह कहा गया कि जो बिल का समर्थन नही करेंगे, वे देशद्रोही हैं और जो बिल का समर्थन करेंगे, वे देशभक्त हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: मेरा सभी सदस्यों से आग्रह है कि कृपया शांति बनाए रखें। ...**(व्यवधान)**... संजय जी को बोलने दें और उनकी बात सुनें।

श्री संजय राउत: मैंने यह भी पढ़ा है और मैं यह भी सुन रहा था कि जो इस बिल का समर्थन नही करेंगे, वे पाकिस्तान की भाषा बोलेंगे। महोदय, इसका मतलब क्या है, यह पाकिस्तान की असेम्बली तो नही है? यहां के हों या वहां के हों, हम इस देश के नागरिक हैं। देश की जनता ने सबको वोट किया है। यहां भी किया है और वहां भी किया है और देश की जनता ने ही वोट किया है। मैं कहना चाहता हूं कि यह पाकिस्तान के नागरिकों की असेम्बली नही है। अगर पाकिस्तान की भाषा हमें पसन्द नही है, तो हमारी इतनी मजबूत सरकार है, पाकिस्ताना को खत्म करो। पाकिस्तान ऑक्युपाइड ...**(व्यवधान)**... हम आपके साथ हैं। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, चेयर को सम्बोधित कर के बोलिए।

श्री संजय राउत: हम आपके साथ हैं, पाकिस्तान हो या हिन्दुस्तान के जो हमारे भाई वहां उस देश में अल्पसंख्यक के रूप में रह रहे हैं, यदि उन्हें तकलीफ होती है और यदि उनके साथ छल होता है, तो हमारा एक मजबूत देश, हमारे मजबूत प्रधान मंत्री और हमारे मजबूत गृह मंत्री हैं, आपके ऊपर हमारी आशा है। आपने धारा 370 को हटाया, हमने जी-जान से आपको समर्थन दिया है और देते रहेंगे। आज देश के बहुत से हिस्सों में मैं देख रहा हूं कि इस बिल का विरोध हो रहा है। इसके कारण वहां हिंसा हो रही है- असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर हों। ठीक है, एक सैक्शन इसके समर्थन में है और एक सैक्शन इसके विरोध में है। वे भी देश के नागरिक हैं। वे देशद्रोही नही हैं। इसलिए हमें किसी से देश-भक्ति का प्रमाणपत्र लेने की जरूरत नही है।

महोदय, हम कितने कठोर हिन्दू हैं, इसका प्रमाणपत्र हमें नही चाहिए। जिस स्कूल में आप पढ़ते हो, हम आपको बताना चाहते हैं कि हम उस स्कूल के हैडमास्टर हैं और हमारे स्कूल के हैडमास्टर श्री बालासाहेब ठाकरे थे, श्री अटल जी भी थे, श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी थे। हम सबको मानते हैं। मैं आज अभी एक अखबार में पढ़ रहा था कि कश्मीर में दो जवान शहीद हुए, वे मुसलमान थे। उनके परिवारों ने भी इस बिल का विरोध किया है, वे देशद्रोही तो नही हैं। मैं मानता हूं कि यह बिल धार्मिक नही है, यह बिल मानवता के आधार पर लाया गया है और उसी आधार पर इस पर चर्चा होनी चाहिए।

महोदय, हमें यह भी पता है कि घुसपैठिया और शरणार्थी में फर्क है। क्या बिल पास होने के बाद, इस देश में जितने भी घुसपैठिए हैं, उन्हें आप बाहर निकालेंगे? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, कृपया समाप्त कीजिए।

श्री संजय राउत: इस देश से उन्हें बाहर निकालना चाहिए, क्योंकि यह गृह मंत्री जी की commitment है। चुनाव की रैलियों में इस देश में उन्होंने अनेक जगहों पर कहा है, यह उनकी commitment है कि इस देश से एक-एक घुसपैठिए को हम बाहर निकालेंगे। अगर हम अपने शरणार्थियों को यहां जगह दे रहे हैं, तो घुसपैठियों को निकालना चाहिए। मैं यह मानता हूं कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश में जो हमारे अल्पसंख्यक भाई हैं, वे चाहे हिन्दू हों, चाहे सिख हों, चाहे ईसाई हों, उनके अधिकारों का हनन हुआ है। वहां जबर्दस्ती धर्मान्तरण होता है, बेटियों के ऊपर अत्याचार होते हैं, हत्याएं होती हैं और मानवता के आधार पर हमें उसे स्वीकार करना चाहिए।

श्री उपसभापति: संजय जी, अब conclude कीजिए।

श्री संजय राउत: उन्हें स्वीकार करना चाहिए, लेकिन हम उन्हें अगर स्वीकार करते हैं, तो उसमें राजनीति नही होनी चाहिए, वोट बैंक की राजनीति नही होनी चाहिए। उन्हें रोटी, कपड़ा, मकान और रोजगार जो आप दे सकते हैं, आप दीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, अब conclude कीजिए। अब मैं अगले स्पीकर को बुला रहा हूं। कृपया आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री संजय राउत: लेकिन ये सभी लोग किलने हैं? जैसे गृह मंत्री जी ने अपनी प्रस्तावना में कहा है कि यह लाखों-करोड़ों लोगों की वेदना है और उनकी बात आपने कही, अगर आप यहां लाखों-करोड़ों लोगों यहां ला रहे हैं, तो क्या उन्हें वोटिंग राइट मिलेगा ..(व्यवधान)... यदि आप 20-25 साल तक वोटिंग राइट नही देते हैं, तो ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: उनका तीन मिनट का समय है और मैंने उन्हें पांच मिनट बोलने का अवसर दिया है। Please do not tell me. प्रो. मनोज कुमार झा। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय राउत: सर, हमारे देश में लाखों कश्मीरी जो शरणार्थी हैं ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. I would call the next speaker. Sanjay Rautji, you have already taken six minutes instead of three minutes. ...*(Interruptions)*... Please conclude. ...*(Interruptions)*... I am forced to call the next speaker; Prof. Manoj Kumar Jha. ...*(Interruptions)*...

श्री संजय राउत: जब आर्टिकल 370 हटाया गया, तब उनके मन में भी आशा की उम्मीद जागी थी कि ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: संजय जी, आप conclude कीजिए। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय राउत: हमारे गृह मंत्री जी कश्मीरी शरणार्थियों को वापस कश्मीर भेजेंगे। ...**(समय की घंटी)**...

श्री उपसभापति: प्रो. मनोज कुमार झा, आप बोलिए। अब आपकी बात ही रेकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय राउत: *

श्री उपसभापति: श्री मनोज कुमार झा, आप बोलिए। अब आपकी बात ही रेकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

प्रो. मनोज कुमार झा: उपसभापति जी ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: अगर आप नही बोलेंगे, तो मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊंगा। ...**(व्यवधान)**...

श्री संजय राउत: *

श्री उपसभापति: अब श्री संजय राउत की बात रेकार्ड पर नही जाएगी, आपकी बात रेकॉर्ड पर जाएगी। आप बोलिए। अगर आप नही बोलेंगे, तो मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊंगा। ...**(व्यवधान)**... I am calling the next speaker. ...*(Interruptions)*...

प्रो. मनोज कुमार झा: सर, मैं क्या करूँ? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: श्री प्रफुल्ल पटेल - not present. श्री सतीश चन्द्र मिश्रा, आप बोलिए। अब आपकी बात ही रेकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir. ...*(Interruptions)*...

श्री संजय राउत: *

श्री उपसभापति: अब आपकी बात रेकॉर्ड पर नही जा रही है। ...**(व्यवधान)**... आप कृपया समय का पालन कीजिए। यह छह घंटे की बहस का समय आप सभी ने मिलकर तय % किया है। सतीश चन्द्र मिश्रा जी, आपकी बात ही रेकॉर्ड पर जाएगी। ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: माननीय सतीश चन्द्र मिश्रा जी, आप बोलिए, आपकी बात ही रेकॉर्ड पर जा रही है। He has already exceeded his time. ...*(Interruptions)*...

प्रो. मनोज कुमार झा: सर ...**(व्यवधान)**...

---

*Not recorded

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति जी, दो लोग कैसे बोलेंगे? ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: आप बोलिए, मैंने आपका नाम बुलाया है, चेयर ने और नाम नही लिया है। ...**(व्यवधान)**...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will call you again. ...*(Interruptions)*... You refused to speak. ...*(Interruptions)*...

PROF. MANOJ KUMAR JHA: No, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have to take care of that. ...*(Interruptions)*...

श्री सत्तीश चन्द्र मिश्रा : आदरणीय उपसभापति महोदय, सबसे पहले तो मैं अपनी बात शुरू करने से पहले आपसे रिक्वेस्ट करूंगा कि आप नाराज़गी छोड़कर कभी-कभी मुस्करा भी दीजिए।

श्री उपसभापति: हमेशा मुस्कराते हूं। ...**(व्यवधान)**...

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: इससे हम लोगों का थोड़ा मन लगा रहेगा।

श्री उपसभापति: माननीय सतीश चन्द्र मिश्रा जी, यह छह घंटे बहस का समय आप लोगों ने ही निर्धारित किया है और मुझे ही उसका पालन करना है।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: उपसभापति जी, मैं समझता हूं कि आपके ऊपर टाइम का प्रेशर है। मैं अपनी बात शुरू करने से पहले यह कहना चाहता हूं कि आप टाइम एक्सटेंड कर सकते हैं। पूरा हाउस चाहता है कि टाइम एक्सटेंड हो जाए।

श्री शरद पवार: टाइम एक्सटेंड कर सकते हैं।

श्री उपसभापति: आप लोगों ने समय तय किया है, मैंने नही किया है। ...**(व्यवधान)**... माननीय चेयरमैन साहब के आदेश के अनुसार मुझे इसका पालन करना है।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: उपसभापति जी, हमारा टाइम अब स्टार्ट करवाइए।

श्री उपसभापति: हाँ, ठीक है।

श्री सतीश चन्द्र मिश्रा: आदरणीय उपसभापति जी, सबसे पहले तो मैं यह कहना चाहूंगा कि हम लोग इस बिल के समर्थन में नही खड़े हुए हैं, बल्कि इसे अपोज करने के लिए खड़े हुए हैं। हम अपोज करने के लिए क्यों खड़े हुए हैं? यद्यपि हम एक तरफ इस बात

के लिए माननीय होम मिनिस्टर साहब को बधाई देना चाहते हैं, उनकी तारीफ करना चाहते हैं कि जो लोग पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बंगलादेश में रह रहे हैं, जहाँ पर भी माइनॉरिटीज़ रह रही हैं, आपने उनके बारे में सोचा है और उनके बारे में सोचकर कहा है। चूंकि टाइम कम है, इसलिए कास्ट का नाम नही लूंगा, लेकिन मैं यह अवश्य कहूंगा कि आपने सिर्फ मुस्लिम्स को छोड़कर वहाँ की जो माइनॉरिटीज़ हैं, उनको लेकर यह कहा है कि हम उनको शरणार्थी के रूप में सिटिज़नशिप देंगे। यह वेलकम करने लायक बात है, लेकिन इसके साथ-साथ आपका यह भी कहना है कि आपने 31 दिसंबर, 2014 की डेट क्यों लगाई है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या उस डेट के बाद के लोगों को हक नही है कि जो लोग प्रताड़ित किए जा रहे हैं, वे यहाँ पर आकर इस देश के सिटिजन्स बन सकें? हम लोग इसका जवाब जरूर जानना चाहेंगे कि 31 दिसंबर, 2014 की कट ऑफ डेट किस कारण से, किस बेसिस पर रखी गई है? सर, इसके साथ-साथ यह भी प्रश्न उठता है कि हम लोग इसको अपोज़ क्यों कर रहे हैं? हम इसको इसलिए अपोज कर रहे हैं क्योंकि जो कांस्टीट्यूशन का प्रिएम्बल है, the Preamble to the Constitution speaks about secularism and there should not be any favouritism. Everybody has to be treated equal. जब इस पर हम लोगों ने, कई लोगों ने कहा कि यह आर्टिकल 14 का वॉयलेशन है, आर्टिकल 15 का वॉयलेशन है और आर्टिकल 21 का भी वॉयलेशन है, तब इस पर एक तर्क आया, जो कि सत्ता पक्ष की तरफ से सुनने को मिला है। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 15 को पढ़ लीजिए, उसमें "सिटिज़न" वर्ड लिखा हुआ है। इसके साथ-साथ आर्टिकल 14 को भी पढ़ लीजिए, आर्टिकल 21 को भी पढ़ लीजिए, वह "सिटिज़न" वर्ड यूज़ नही करता, बल्कि "पर्सन" वर्ड यूज करता है और "एनी पर्सन" वर्ड यूज करता है। अगर "एनी पर्सन" वर्ड को जो कांस्टीट्यूशनल फ्रेमवर्क करने वाले लोग थे, जिन्होंने संविधान के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के साथ मिलकर संविधान बनाया था, तब उन्होंने सोच-समझकर यह distinction रखा था। This distinction has to be kept in mind because in the same Chapter of Fundamental Rights, two different words are used in Articles 14, 15 and 21. So, why are you violating this Article 14 by excluding Muslims? Now, Muslims being excluded, is the sole problem of this entire Act and this Act is bound to fail. The soul of the Constitution, जो यह है कि आप recularism को maintain रखेंगे, धर्मनिरपेक्षता maintain रखेंगे, you have taken away that. And, by taking away that, you have brought this Bill which is not Constitutional Amendment. इसलिए मेरा आपसे यह कहना है कि आप इसके बारे में जरूर दोबारा विचार करें, क्योंकि constitutional structure of this country, otherwise, will definitely be lost, which will be a very sad day.

जैसा कई और लोगों ने भी कहा कि अभी इसका टैस्ट एक और जगह होगा। यहाँ तो संख्या बल के आधार पर या जो भी हो, यह एक्ट बन जाएगा, पास हो जाएगा, लेकिन

[श्री सतीश चन्द्र मिश्रा]

अगर यह पास हो जाता है, तो इसके बाद इसका टैस्ट होगा, Article 14 का टैस्ट होगा, Article 21 का टेस्ट होगा और Preamble का टैस्ट होगा, framework क्यों बनाया गया, 'secularism' word क्यों लाया गया, अगर basic structure तोड़ दिया जाता है, तो wheather such an Act, which is an Executive Act, जिसको आप यहाँ से बना कर ला रहे हैं, यह sustain करेगा कि नही करेगा, यह सामने आएगा। चूँकि आपने इसमें इन चीजों का violation किया है, इसलिए हमारी पार्टी इसका विरोध करती है। धन्यवाद।

श्री उपसभापति: प्रो. मनोज कुमार झा।

प्रो. मनोज कुमार झा (बिहार): उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। सर, सदन में और इतिहास में कई ऐसे क्षण आते हैं, जब आसानी से यह कह दूँ कि समर्थन कर रहा हूँ या विरोध कर रहा हूँ, उससे बात नही बनेगी। माननीय गृह मंत्री जी, तीन मसलों पर मेरी आपत्ति है। पहला सैद्धांतिक, दूसरा ऐतिहासिक और तीसरा व्यावहारिक।

माननीय गृह मंत्री जी, हम तो बचपन से पढ़ते थे कि "अयं निज: परो वेति गणना लघु चेतसाम्, उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।" कहाँ से कहाँ आ गए हम! कहाँ से कहाँ पहुँच गए। माननीय उपसभापति महोदय, मैं माननीय गृह मंत्री जी से ऐसा इसलिए कह रहा हूँ कि "मायूस कर रहा है यह नई रोशनी का रंग, न इसका कुछ अदब है, न कुछ एतबार है।"

सर, मैं दो-तीन चीजें कहना चाहता हूँ। JPC हुई थी, तो experts ने कहा था कि please use 'persecuted minorities' और religious lines को avoid करने की बात कही थी। माननीय गृह मंत्री जी, हाथ जोड़ कर कहता हूँ कि मैं आपके विपक्ष में हूँ, आपका राजनीतिक शत्रु नही हूँ। मैं क्रॉमवेल को paraphrase कर रहा हूँ, "I beseech you in the name of Constitution. Think once for once that you might be committing a great blunder." आप एक बार जरूर सोचिएगा। मेरा यह कहना है कि experts ने committee में कहा कि 'persecuted minority' बोलो, लेकिन उसको

[उपसभाध्यक्ष, (श्री सुखेन्दु शेखर राय) *पीठासीन हुए]*

दरकिनार कर दिया गया। उसको दरकिनार करने के पीछे क्या वजह है, समझ में नही आया। बार-बार मेरे कई साथियों ने कहा है कि persecution के मनोविज्ञान को समझना होगा। A State which persecutes does not always differentiate between 'A', 'B' and 'C' community, जो उसकी आदत होती है। जर्मनी में जब यहूदियों का persecution हो रहा था, तो सिर्फ यहूदियों का persecution नही हुआ। इतिहास गवाह है कि उन

Germans का भी persecution हुआ, जिन्होंने उन यहूदियों के साथ खड़ा होने के बारे में सोचा। सर, एक बार तो सोचना होगा। विदम्बरम साहब बोल चुके हैं, persecution कई तरह के होते हैं। सबसे ज्यादा यह political belief को लेकर होता है।

आपके बिल में atheist के लिए तो कोई व्यवस्था ही नही है। ज़रा एक बार यह भी सोच कर देखिएगा कि जिनकी ईश्वर में आस्था नही है, ऐसे बहुत लोग हैं, उनका इस वजह से भी persecution होता है, तो वे कहाँ जाएँ?

सर मेरे कई साथियों ने कहा है कि constitutionally, it is suspect and it goes against the very tenet of constitutional morality. Sir, there is something called intelligible differentiation and reasonable classification. Very frankly, hon. Home Minister Sir, it is unintelligent differentiation and unreasonable classification. जैसा मेरे कई साथियों ने कहा कि वे अपने स्टेटमेंट में persecution की बात करते हैं, लेकिन वह body of text में कही नही आता है। It is a bad law. It is morally bad. It is constitutionally bad. And, anything which is morally bad, constitutionally bad, should not be accepted. आज आपकी majority है। मैं जानता हूं कि आप यह बिल पास करवा लेंगे। इतिहास बताता है कि दस-बीस बरस की सरकार दो लाइनों में सिमट जाती है या कभी-कभी किसी फुटनोट में सिमट जाती है। Please remember history. सर, इतिहास तय करेगा ...**(समय की घंटी)**... मुझे अभी एक मिनट का वक्त और दीजिए। Sir, with heavy heart मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि आज मुझे 70 संगठनों ने फोन किया और सब यही कह रहे थे कि काश आज लालू जी, जो मेरी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, सदन में होते। मैं जानता हूं कि मैं उनकी कमी पूरी नही कर पाऊँगा, लेकिन बस कोशिश कर रहा हूं। माननीय गृह मंत्री जी की ओर से बार-बार कहा गया कि NRC अलग है और CAB अलग है। नही साहब, ये अलग नही हैं, क्योंकि NRC में पैदा हुई दिक्कतों ने आपको प्रेरित किया कि एक ऐसा एक बिल लेकर आओ, जिससे अपनी कमज़ोरियों को छुपा लो। कमाल का बिल है! गुरखा कहां गए? वे कौन लोग हैं? आप stateless citizen का क्या करेंगे? बंगलादेश की प्रीमियर कहती है कि हमको भारत के प्रधान मंत्री जी ने भरोसा दिया है। हम किसकी बात मानें? हम उनकी बात मानें या आपकी बात मानें? हम किसकी बात मानें?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Please conclude. Your time is over.

प्रो. मनोज कुमार झा: सर, मैं बस कन्क्लूड ही कर रहा हूं, मुझे आधा सैकंड का समय और दीजिए। सर, इसकी authentication cost भी बहुत है। सुना है इसमें 1600-1700

[प्रो. मनोज कुमार झा]

करोड़ रुपये लग गए हैं। जब आप पूरे देश में NRC कराइएगा, तो 4 लाख, 26 हज़ार करोड़ रुपये लग जाएंगे। इतने रुपयों में तो हम अपने यहां की एजुकेशन को इतना खूबसूरत बना लेंगे कि दुनिया की बुलंदियों तक पहुंच जाएंगे।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Thank you.

प्रो. मनोज कुमार झा: सर, एक आखिरी टिप्पणी कर रहा हूं, बस तीस सैकंड और दीजिए। आजकल इतिहास कल्पनाओं पर चलता है। कई बड़े-बड़े मंत्री साहब कहते हैं कि ऐसा न हुआ होता, वैसा हुआ होता। सर, अभी जब हम राज्य सभा में बैठकर इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं, तो ऊपर शोकसभा हो रही होगी और अगर स्वर्ग नाम की कोई जगह है, तो वहां बापू को जिन्ना आकर कहेंगे ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): I'm following the instructions of time. I'm helpless.

प्रो. मनोज कुमार झा: लोग पूछते हैं न कि क्या हुआ, लड़का हुआ या लड़की हुई? बापू जी को जिन्ना आकर कहेंगे कि आपको इज़राइल हुआ है, क्योंकि सर, हमने इज़राइल के मॉडल को फॉलो कर लिया है। ...**(समय की घंटी)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Tank you.

प्रो. मनोज कुमार झा: सर, यह हमारे मुल्क के लिए, इस महासागर के लिए अच्छा नही है। मैं हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि आप इसको तालाब मत बनाइए। मैं हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि रुक जाइए। आप अपनी मेजॉरिटी का बेहतर इस्तेमाल कीजिए, धन्यवाद।

श्री प्रफुल्ल पटेल (महाराष्ट्र): वाइस चेयरमैन सर, आज हम लोग जिस विधेयक के बारे में चर्चा कर रहे हैं, इसमें सबसे पहली बात तो यह है कि इसे बहुत जल्दबाज़ी में लाया जा रहा है। जिस तरह अखबारों में हम पढ़ रहे हैं और जिस तरह से हमको पूरे देश का वातावरण नज़र आ रहा है, वह अच्छा नही है। अगर हम आज का अखबार भी उठाकर देखें, तो असम और नॉर्थ-ईस्ट में कई घटनाएं घट रही हैं। सबसे पहले तो इसमें यही सवाल उठता है कि इतने अहम बिल को लाने से पहले थोड़ी और गंभीर चर्चा होनी चाहिए थी। इसके लिए यह मांग भी उठी कि इसे सेलेक्ट कमिटी को भेजा जाए और पहले इस पर कुछ चर्चा हो। हमारी समझ में यह बात अभी भी नही आ रही है कि इसमें सरकार को क्या आपत्ति है? यह कानून 1955 में बना था और समय-समय पर इसमें संशोधन भी हुआ है। वे संशोधन पर्याप्त थे। आज तक तो हमें इसमें कोई कमी नज़र नही आई। बंगलादेश की बात कही जाती है, लेकिन मैं आपको बताना चाहूंगा कि मैंने अपनी कॉस्टिट्यूएंसी

गोंदिया, महाराष्ट्र में स्वयं देखा है, जब 1971 की लड़ाई हुई और बंगलादेश का निर्माण हुआ, तो वहां बंगलादेश के बहुत सारे रेफ्यूजीज़ आए, जिनमें अधिकांश हिन्दू थे। उन लोगों को वहां बहुत अच्छी तरह से जमीन दी गई, मकान दिए गए और नागरिकता सहित अच्छे से रहने की सभी सुविधाएं देने का प्रावधान किया गया। इसलिए हमारा इतिहास गवाह है कि निश्चित तौर पर हमारे पास कानून पर्याप्त हैं। उस वक्त लाखों लोग आए थे, जिनको केवल बंगलादेश से लगे हुए इलाकों में ही नही, बल्कि देश के दूर-दूराज़ के इलाकों में बसाने का भी काम किया गया था। इसलिए जिस तरह से यह बिल लाया जा रहा है, वह सही नही है। यहां हमारे बहुत सारे अधिवक्ता बोले हैं, चिदम्बरम साहब भी बोले हैं और बाकी के लोग भी बोले हैं कि इस बिल में कुछ कमियां हैं। यहां संविधान के आर्टिकल-6 की बात हो रही है, आर्टिकल-14 की बात हो रही है। निश्चित तौर पर कही न कही कानूनी तौर पर इसे चैलेंज किए जाने की संभावना है, इसलिए अगर इस बिल का अच्छी तरह से अध्ययन करके और सारी बातों को क्लीयर करके हम इस बिल को लाते, तो हम लोगों को निश्चित रूप से इसका फायदा होता। आज असम की NRC की बात बार-बार उठी है। असम में NRC में 19 लाख लोगों को गिनती में छोड़ा गया। उसमें करीब 16 लाख हिन्दू और बाकी अन्य जो नॉन-मुस्लिम्स हैं, उनका समावेश होता है। वहाँ कैम्प की बात कही गयी। वहाँ के जो जानकार लोग हैं, जो उस मुल्क में रहते हैं, वहाँ से उन लोगों ने कहा कि कैम्प्स में जिस तरह से जिस बुरे हाल में वहाँ पर लोग रह रहे हैं और जो परेशानियाँ वहाँ पर उठ रही हैं-- तो अगर हम मानवीय दृष्टिकोण को भी देखते हुए इसको विचार करें, तो कही न कही हम जल्दबाजी में, हमारा यह जो संशोधन करने का पूरा लॉग टर्म दृष्टिकोण है, उससे हम दूर जा रहे हैं।

आज संविधान ने सभी को बराबरी का दर्जा दिया है। ...**(समय की घंटी)**... कोई धर्म और जाति के भेदभाव के बिना हमें दिया है। हमने देखा है कि जब पार्टिशन हुआ, तो हिन्दू वहाँ से यहाँ आये, यहाँ से मुसलमान वहाँ गये, परन्तु ऐसे भी किस्से हैं कि मुसलमान भी वहाँ से हिन्दुस्तान में आये। ऐसे एक नही अनेक उदाहरण भी हमें देखने को मिलते हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): धन्यवाद।

श्री प्रफुल्ल पटेल: इसलिए यह पार्टिशन और उसमें केवल हिन्दू और मुस्लिम का ही एक भेदभाव था, यह दृष्टिकोण रखना बहुत संकुचित होगा, यह बिल्कुल गलत होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बिल पर, अभी भी सरकार के सामने समय है, इस सदन की भावना को ध्यान में रख कर अगर फिर से कोई विचार किया जाए और एक सेलेक्ट कमेटी में भेजा जाए, तो यह बहुत अच्छी बात होगी।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): धन्यवाद।

श्री प्रफुल्ल पटेल: लेकिन फिर भी हमें दूसरे हाउस की जो मंशा नजर आ रही है, सरकार के वक्तव्य में, गृह मंत्री जी के वक्तव्य में, शुरुआत में उन्होंने जो कहा, मंशा यही नजर आ रही है कि आज के आज इसको पारित करना है। इसीलिए मैं ज्यादा कुछ और न कहते हुए, क्योंकि आप घंटी दबा रहे हैं, केवल इतना ही कहूँगा कि हम इस बिल के समर्थन में बिल्कुल नही हैं। यहाँ पर मैं सदन से आग्रह करूँगा कि हम सब लोगों को मिल कर इस बिल का सामूहिक विरोध करना चाहिए।

SHRI HISHEY LACHUNGPA (Sikkim): Sir, the Citizenship Amendment Bill is before us for discussion and passing. We, in Sikkim, have many apprehensions, as the whole concept of citizenship; Indian citizenship was granted to the Sikkim Subject holders in the year 1975, when we became the 22nd State of the Indian Union. The Sikkim Subject is therefore a sacrosanct identity of those who were the citizens of Sikkim, under the erstwhile Chogyal. Today, we are deliberating on a Bill that has many ramifications nationally, as well as locally in the North East Region and within Sikkim, which is also a part of the North East Region. Sir, from the point of view of Sikkim, we oppose this Bill from the standpoint of its potential dilution of Article 371 (F). This captures the essence of the provisions under which the Sikkim kingdom was merged with the Indian Union in the year 1975, after a referendum. All that the people of Sikkim know, is the Sikkim Subject Register and under this we stand protected. Though, the assurance given by hon. Home Minister, that all the provisos of Article 371 will not be diluted by the CAB is certainly welcomed. However, this must be in both letter and spirit. The CAB, in its present form, will go against the very nature of the spirit of Article 371 (F). The rest of the North Eastern States, have been exempted either by means of Inner Line Permit system (ILP) or as the Sixth Schedule areas, whilst Sikkim stands unprotected by either of these two exemptions given. In Sikkim, we have both RAP/PAP and ILP for foreigners and hence no foreigner can come and seek the citizenship without entering Sikkim. To that extent, we are protected. I appeal to the hon. Home Minister to extend the ILP, under the Bengal Act, to Sikkim as well. Since it is also being extended to the State of Manipur, it should also not be difficult as we already have a framework in place, as already stated by me. In this regard, I seek the assurance from the hon. Home Minister, on the floor of this House, during the reply. Thank you. Jai Hind.

SHRI ABDUL WAHAB (Kerala): Sir, I stand to vehemently oppose this Bill. This Bill is fundamentally against the democratic ethos, constitutional values and against the idea of India. Indian subcontinent has always cherished our values such as *Vasudhaiva Kutumbakam* — not like what Mr. Alphons said. The whole world is one family and *Atithi Devo Bhava* means Guest is God. Our country which cherished different values and is inclusive of all faith cannot accept a legislation, which discriminates human beings in term of their faith, race, region and gender. Any such move by the Government will kill the spirit of India.

This Bill in its Statement of Objects and Reasons argues to give citizenship to all illegal immigrants from Pakistan, Afghanistan and Bangladesh except Muslims. Any such move to legalize citizenship in terms of religion is a sheer violation of constitutional values. Moreover, the Bill cannot be read in isolation. It has to be read in conjunction with Government's move towards National Register of Citizenship which is inhuman and will convert human beings into bare bodies without any rights. It is a known fact that the Government, in the background of this Bill and proposed nationwide NRC, aims to dehumanize and convert millions of Indian Muslims into the condition of statelessness.

Although India is yet to sign International Refugee Convention, but we have always welcomed refugees such as Chakmas, Tibetans, Tamils from Sri Lanka, Afghanis during their crisis, irrespective of their religion, class, caste, race, gender and region.

However, this Bill has discriminated Tamil Muslims and Hindus in Sri Lanka, and is silent about the world's largest persecuted minorities of contemporary times, Rohingyan refugees in India, and does not speak a word about non-believers who are being persecuted around the world.

How are we going to deal with Muslims and other persecuted minorities who are currently residing in India? Are we going to put them in Detention Camps that you are building? Then, it will be one another episode of holocaust under the leadership of current Home Minister, Shri Amit Shah ji. In case, if the Government is thinking to deport them, when there is a life threat to these minorities, it is against the principle of *non refoulement*.

[Shri Abdul Wahab]

As far as region and caste is concerned, millions of people of Jammu and Kashmir felt betrayed, millions of people in Assam left into statelessness, and now crores of Mulsims are being kept under constant fear of being bare bodies with no rights through this draconian legislation. If this Bill gets passed in this House with tyranny of numbers and sheer arrogance, it will be the final nail in the coffin of Indian democracy.

Therefore, I urge upon the Government to withdraw this draconian legislation which is inhuman, discriminatory and against all ethos and values that this country has stood for. Thank you very much.

मीर मोहम्मद फ़ैयाज (जम्मू-कश्मीर): सर, आज जो यह बिल लाया गया है, मैं इसके विरोध में खड़ा हूँ। जब से यह सरकार बनी, तब से हम देख रहे हैं, चाहे वह ट्रिपल तलाक बिल हो, चाहे 370 का मामला आया, चाहे आज जो यह बिल लाया गया और इस बिल को लाने का जो तरीका है, उसमें सीधे एक कम्युनिटी, जिससे मैं भी आता हूँ मुस्लिम कम्युनिटी को टारगेट किया जा रहा है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान या बंगलादेश से अब यहाँ कोई मुसलमान नही आएगा। इस बिल में जो बात आई, उसके अनुसार हमारे हिन्दू, सिख, बौद्ध या बाकी जितनी भी कम्युनिटीज़ हैं, उनकी सिटिज़नशिप के लिए यह बिल लाया गया है। यह बहुत अच्छी बात है, हम इसका सपोर्ट करते हैं, लेकिन इसमें मुसलमानों को जो साइड में रखा गया है, ... पाकिस्तान या बंगलादेश या अफगानिस्तान से हिन्दू यहाँ नही आएंगे, क्योंकि मैं उस स्टेट से आता हूँ, जहाँ हमारे पुरखों ने यह समझ कर फैसला किया था कि हम इस सेक्युलर हिन्दुस्तान के साथ जाएँगे, बजाय मुस्लिम बहुल पाकिस्तान के। वे इसलिए आए थे कि इस सेक्युलर मुल्क में हमें बराबरी का दर्जा दिया जाएगा। सर, आज जो हम यह सुन रहे हैं, आज का जो यह दिन है, मुझे आज यह लगता है कि हमारे पुरखों ने गलती की है। आज हमें यहाँ मुसलमान अच्छा नही लगता है। आर्टिकल 370 को इसी हाउस में हटाया गया। मुझे बताइए कि देश की एक रियासत में क्या आज तक ऐसा हुआ है कि जितने भी वहाँ के एमएलए, मिनिस्टर, चीफ मिनिस्टर हैं, वे सब जेलों में बन्द हैं? हमारे होम मिनिस्टर साहब ने दो दिन पहले उस हाउस में या इस हाउस में कहा था कि जम्मू-कश्मीर के हालात बिल्कुल सामान्य हैं। अगर वहाँ हालात सामान्य हैं, तो मैं मुबारकबाद देता हूँ।

सर, जिन एमएलएज़ ने इस देश के लिए कुर्बानी दी, अशफाक जवाद, हमारा एक एमएलए है, जिसका बाप एमएलए था, उसे militants ने मारा। ज़हूर मीर, जिसका बाप एमएलए था, उसे militants ने मारा। क्या वह दोशद्रोही है? वह आज जेल में है। हमारा एक और एमएलए है, जिसका चौदह साल का बच्चा बीमार है, वह अब दिल्ली में मेरे घर

पर है। वह कह रहा है कि मेरे बाप ने क्या गलती की है? आज जो आप कह रहे हैं कि वहाँ से मुसलमान आएंगे, लेकिन मैं कहना चाहता हूँ कि मुसलमान नही आएंगे, क्योंकि उनको पता चला कि इस देश में एक ही वाहिद मुस्लिम रियासत है, उनके साथ क्या हो रहा है। ...**(समय की घंटी)**...

†**جناب محمد فیاض (جموں وکشمیر):** سر، آج جو یہ بل لایا گیا ہے میں اس کے ورودھ میں کھڑا ہوں۔ جب سے یہ سرکار بنی، تب سے ہم دیکھ رہے ہیں، چاہے وہ ٹرپل طلاق بل ہو، چاہے 370 کا معاملہ آیا، چاہے آج جو یہ بل لایا گیا اور اس بل کو لانے کا جو طریقہ ہے، اس میں سیدھے ایک کمیونٹی، جس سے میں بھی آتا ہوں، مسلم کمیونٹی کو ٹارگیٹ کیا جارہا ہے۔ پاکستان، افغانستان یا بنگلہ دیش سے اب یہاں کوئی مسلمان نہیں آئے گا۔ اس بل میں جو بات آئی، اس کے مطابق ہمارے ہندو، سکھ، بودھ یا باقی جتنی بھی کمیونٹیز ہیں، ان کی سٹیزن شپ کے لیے یہ بل لایا گیا ہے۔ یہ بہت اچھی بات ہے، ہم اس کا سپورٹ کرتے ہیں، لیکن اس میں مسلمانوں کو جو سائیڈ میں رکھا گیا ہے، پاکستان یا بنگلہ دیش یا افغانستان سے ہندو یہاں نہیں آئینگے، کیوں کہ میں اس اسٹیٹ سے آتا ہوں جہاں ہمارے پرکھوں نے یہ سمجھ کر فیصلہ کیا تھا کہ ہم اس سیکولر ہندستان کے ساتھ جائیں گے، بجائے مسلم بھل پاکستان کے۔ وہ اس لیے آئے تھے کہ اس سیکولر ملک میں ہمیں برابری کا درجہ دیا جائے گا۔

سر، آج جو ہم یہ سن رہے ہیں، آج کا جو یہ دن ہے، مجھے آج یہ لگتا ہے کہ ہمارے پرکھوں نے غلطی کی ہے۔ آج ہمیں یہاں مسلمان اچھا نہیں لگتا ہے۔ دفعہ 370 کو اسی ہاؤس میں ہٹایا گیا۔ مجھے بتائیے کہ دیش کی ایک ریاست میں کیا آج تک ایسا ہوا ہے کہ جتنے بھی وہاں کے ایم۔ایل۔اے۔، منسٹر، چیف منسٹر ہیں، وہ سب جیلوں میں بند ہیں؟ ہمارے ہوم منسٹر صاحب نے دو دن پہلے اس ہاؤس میں یا اس ہاؤس میں کہا تھا کہ جموں کشمیر کے حالات بالکل نارمل ہیں۔ اگر وہاں حالات نارمل ہیں، تو میں مبارکباد دیتا ہوں۔

سر، جن ایم۔ایل۔ایز۔ نے اس دیش کے لئے قربانی دی، اشفاق جواد، ہمارا ایک ایم۔ایل۔اے۔ ہے۔ جس کا بات ایم۔ایل۔اے۔ تھا، اسے ملیٹینٹ نے مارا۔ ظہور میر، جس کا بات ایم۔ایل۔اے۔ تھا، اسے ملیٹینٹ نے مارا۔ کیا وہ دیش دروہی ہے؟ وہ آج جیل میں ہیں۔ ہمارا ایک اور ایم۔ایل۔اے۔ ہے، جس کا چودہ سال کا بچہ بیمار ہے، وہ اب دہلی میں میرے گھر پر ہے۔ وہ کہہ رہا ہے کہ میرے باپ نے کیا غلطی کی ہے؟ آج جو آپ کہہ رہے ہیں کہ وہاں سے مسلمان آئیں گے، لیکن میں کہنا چاہتا ہوں کہ مسلمان نہیں آئیں گے، کیوں کہ ان کو پتہ چلا کہ اس دیش میں ایک ہی واحد مسلم ریاست ہے، ان کے ساتھ کیا ہو رہا ہے ---(وقت کی گھنٹی)---

†Transliteration in Urdu script.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): कन्क्लूड कीजिए।

मीर मोहम्मद फ़ैयाज: वे यहाँ नही आएंगे, कभी नही आएगे। सर, आज जो बात हो रही है, यहाँ हमारी सरकार को -- मैं यह इसलिए कह रहा हूँ, क्योंकि बाकी बातें तो तकरीबन हो गई हैं, लेकिन आज हमें हर वक्त टारगेट किया जा रहा है। यहाँ ट्रिपल तलाक का बिल आया...

†**جناب میر محمد فیّاض :** وہ یہاں نہیں آئیں گے، کبھی نہیں آئیں گے۔ سر، آج جو بات ہو رہی ہے، یہاں ہماری سرکار کو۔ میں یہ اس لئے کہہ رہا ہوں، کیوں کہ باقی باتیں تو تقریبا ہو گئی ہیں، لیکن آج ہمیں ہر وقت ٹارگیٹ کیا جا رہا ہے۔ یہاں ٹرپل طلاق کا بل آیا۔

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): अभी वह बात छोड़िए, क्योंकि आपका वक्त खत्म हो गया।

मीर मोहम्मद फ़ैयाज: सर, एक-दो मिनट और दीजिए। जब मुसलमानों का विषय होता है, तब एक-दो बातें बोलने दीजिए। ...**(व्यवधान)**... आप देखिए कि आज बलात्कार कितनी रियासतों में हुआ, लेकिन उनके बलात्कारियों को कोई सज़ा नही होगी, लेकिन हमारी...

†**میر محمد فیاض:** سر، ایک دو منٹ اور دیجیئے۔ جب مسلمانوں کا موضوع ہوتا ہے، تب ایک دو باتیں بولنے دیجئیے ---(مداخلت)--- آپ دیکھیئے کہ آج بلاتکار کتنی ریاستوں میں ہوا، لیکن ان کے بلاتکاریوں کو کوئی سزا نہیں ہوگی، لیکن ہماری---

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): आप सुनिए। ...(व्यवधान) ... एक सेकेंड, एक सेकेंड ...**(व्यवधान)**... यह जनरल डिस्कशन नही हो रहा है। यह बिल पर डिस्कशन हो रहा है और आपका समय भी खत्म हो चुका है।

मीर मोहम्मद फ़ैयाज: मैं बिल पर ही आ रहा हूँ।

†**میر محمد فیاض:** میں بل پر ہی آرہا ہوں۔

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): आपका समय खत्म हो चुका है। ...**(व्यवधान)**...

मीर मोहम्मद फ़ैयाज: मैं वही आ रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**... मैं वही आ रहा हूँ। ...**(व्यवधान)**... जब से यह सरकार बनी है, सिर्फ मुसलमान के पीछे पड़े हैं।

†**میر محمد فیاض:** میں وہیں آرہا ہوں ---(مداخلت)--- میں وہیں آرہا ہوں ---(مداخلت)--- جب سے یہ سرکار بنی ہے، صرف مسلمان کے پیچھے پڑے ہیں۔

---

†Transliteration in Urdu script.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Please conclude. Please conclude. ...*(Interruptions)*...

मीर मोहम्मद फ़ैयाज : ट्रिपल तलाक के मुसलमान के पीछे पड़े, आज जो बिल लाया गया, मुसलमान के पीछे। ...**(व्यवधान)**... 370, वही एक मुस्लिम majority state है। ...**(व्यवधान)**... महागठबंधन महाराष्ट्र में हुआ, कुछ नहीं हुआ...

†**میر محمد فیاض:** ٹرپل طلاق سے مسلمان کے پیچھے پڑے، آج جو بل لایا گیا، مسلمان کے پیچھے ---(مداخلت)--- وہی ایک مسلم میجارٹی اسٹیٹ ہے ---(مداخلت)--- مہاگٹھبندھن مہاراشٹر میں ہوا، کچھ نہیں ہوا---

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Nothing will go on record.

मीर मोहम्मद फ़ैयाज: *

सरदार बलविंदर सिंह भुंडर (पंजाब): सर, आज जो यह अमेंडमेंट बिल आ रहा है, इसकी जरूरत 50 साल पहले से थी। इसका कारण बिल में भी दिया है, लेकिन मैं भी कहना चाहता हूँ कि after 47 and after 71, इसके दो रीज़न्स हैं। पहला उजाड़ा बांगलादेश, पंजाब में after 47 हुआ, दूसरा उजाड़ा 71 के बाद हुआ। 50 साल से minorities के जो लोग इन neighbouring countries से आ रहे हैं, साथ ही और neighbouring countries हैं, वहाँ उनको उनका हक नही दिया गया, वे रो रहे थे, इसलिए आज जो यह बिल लाया गया है, मैं उसका स्वागत करता हूँ कि इससे उन लोगों को रिलीफ मिला है। मैं इसके साथ ही कहना चाहता हूँ कि हम सिख कम्युनिटी को belong करते हैं। हमारे पहले गुरु, गुरु नानक देव हैं, आखिरी गुरु, गुरु गोबिंद सिंह हैं। $ "हमारे गुरु, गुरु ग्रन्थ साहिब हैं। हमारा धर्म भी सेक्युलर है, हमारे देश का संविधान भी सेक्युलर है।

सर, जनेऊ की रक्षा के लिए हमारे नौवें गुरु ने कुर्बानी दी, दसवें गुरु ने अपने बच्चे भी कुर्बान कर दिए। जब हरमिंदर साहिब का नींव का पत्थर रखा गया, वह Sai Mir Mian Mohammed से रखवाया गया। हमारे गुरु ने भी कभी जात-पात के सवाल नही किए, सभी को एक माना। "मानस की जात सभे एके पहिचानबो" आज भी इतनी मार खाने के बाद हम पाकिस्तान, हिन्दुस्तान या दुनिया में कही भी हैं, "नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला" ये लफ्ज़ हम हमेशा कहते थे।" इसके लिए मैं होम मिनिस्टर साहब को

†Transliteration in Urdu script.

*Not recorded.

$The Hon'ble Member spoke in Punjab.

[सरदार बलविंदर सिंह भुंडर]

दो सजेशन देना चाहता हूँ। हम चूंकि सबसे ज्यादा माइनॉरिटी हैं, इसलिए सबसे ज्यादा तकलीफ और प्रॉब्लम हमें ही आती है।

सर, मैं दो-तीन प्वाइंट्स कहना चाहता हूँ। आप हर जगह कह रहे हैं कि हम किसी के साथ भेदभाव नही करेंगे और ऐसी बात इस बिल में नजर भी नही आती। सर, हमारे तीन सजेशंस हैं। पहला सजेशन यह है कि इस बिल में जहाँ communities लिखा है, वहाँ religion लिख दिया जाए। जो minority religious communities हैं, वहाँ minorities from neighbouring countries लिख दीजिए। ये दो प्वाइंट्स हुए। सर, तीसरा प्वाइंट यह है कि इसके लिए cut-off date 31 दिसम्बर, 2014 लिखा है, लेकिन जो आज आ रहे हैं, उनका क्या होगा? मैं किसी देश का नाम नही लूँगा, क्योंकि बिल में तीन देश लिखे हैं, उनका नाम बिल में भी लिया गया है और अगर मैं उनके नाम न लूँ, तो फिर भेदभाव होगा। आज भी हमारे सिख भाई बाहर की कंट्रीज़ से आ रहे हैं, ऐसी ख़बरें आप रोज़ सुनते हैं, इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि cut-off date के संबंध में आप यह भी clarification दें कि जो लोग आज आ रहे हैं, उनका क्या होगा?

सर, टाइम कम होने के कारण मैं यही कहना चाहता हूँ कि यह देश, बहुधर्मी और बहुभाषी देश है। हम वे लोग हैं, जो मार खाने के बाद भी -- केवल 1947 में एक दफा ही उजाड़ा नही हुआ, बल्कि 1984 में दूसरी दफा भी उजाड़ा हुआ, फिर भी हम देश के लिए लड़ते हैं और जो देश चाहता है, वह हम करते हैं। जब इस देश में इमरजेंसी लगी, तो हमें किसी ने नही पकड़ा, तब हमें बहुत बातें कही गईं। सन् 1972 में जब मैं first time MLA था, तब हमें कई मॉगें ऑफर की गईं, लेकिन हमने कहा कि नही, हम देश के साथ जाएँगे, गुलामी दोबारा आ रही है। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री सुखेन्दु शेखर राय): कृपया समाप्त करें।

सरदार बलविंदर सिंह भुंडर: इस तरह, हम तो हर दफा देश के साथ खड़े रहे हैं। इसलिए, ऑनरेबल होम मिनिस्टर द्वारा इस बिल को लाए जाने का मैं जहाँ स्वागत करता हूँ, वही मैं सारी opposition parties से यह विनती करता हूँ कि इसके सके लिए जब extra या कोई दूसरा प्वाइंट सामने आ जाए, तो उसे कभी और ले आएँ, लेकिन आज हम सब लोग इक्ट्ठे होकर इस बिल को पास करें। इस बिल में जो कमी रह गई है और मैंने भी जो सजेशंस दिए हैं, उनको दूसरी बार डिस्कस करके फिर लाएँ, ताकि देश smoothly चले और देश आगे बढ़े।

SHRI KAPIL SIBAL (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to oppose this Bill. I was very disturbed the other day when the distinguished Home Minister

in the other House explained as to why we need this Bill, that after independence, if the Congress had not done partition on the basis of religion, then, we would not have needed this Bill today. I don't understand which history books the learned Home Minister has read and which authors he has consulted. But I would like to remind him of what Savarkar said. The two-nation theory was not our theory. You are going to fulfil it today by passing this Bill if it is passed. Savarkar said and I quote, "As it is, there are two antagonistic nations living side by side in India. Several infantile politicians commit the serious mistake in supposing that India is already welded into a harmonious nation, or that it could be welded thus for the mere wish to do so. These, our well-meaning but unthinking friends, take their dreams for realities. That is why they are impatient of communal tangles and attribute them to communal organisations." That's not us. The two-nation theory was perpetrated by Savarkar. And this is what Ambedkar said. He said, "Strange as it may appear, Mr. Savarkar and Mr. Jinnah, instead of being opposed to each other on the one nation versus two nations issue, are in complete agreement about it. Both agree, not only agree, but insist that there are two nations in India - one the Muslim nation and the other the Hindu nation." I request the Home Minister to withdraw the allegation because we in the Congress believe in that one-nation theory. You don't believe in it.

सर, गृह मंत्री जी ने सही कहा कि यह एक बड़ा ऐतिहासिक बिल है। हाँ, यह एक ऐतिहासिक बिल है। क्योंकि आप संविधान की बुनियाद को बदलने जा रहे हैं, सलिए यह ऐतिहासिक बिल है। आप हमारे इतिहास को बदलने जा रहे हैं, इसलिए यह ऐतिहासिक बिल है। आपने यह भी कहा कि करोड़ों लोग कल एक नया सवेरा देखेंगे। मैं आपसे यह भी इल्तिजा करना चाहता हूं कि लाखों लोगों की रात खत्म नही होगी, यह काली रात खत्म नही होगी। आप कहते हैं कि आपके प्रधान मंत्री जी सबका साथ और सबका विकास पर विश्वास करते हैं। सबका विश्वास तो उन्होंने खो दिया है, क्योंकि वर्ष 2014 से लेकर अब तक सब का साथ उन्होंने कभी नही दिया। You said: 'Rise above politics.' I request you, Home Minister, you rise above politics because this is nothing but politics. You are destroying the future of this country. Sir, I have following things to say about my objections to this Bill. First, this Bill gives legal colour to the two nation theory, which I have already stated.

Secondly, religion cannot be a factor in the acquisition of citizenship. That

[Shri Kapil Sibal]

has been rejected by the Constitution of India. Sir, there are three concepts that you must understand, which is the basis of citizenship. Number one, I was born in the territory of India. Number two, my parents were born in the territory of India - descent. Number three, I am ordinarily resident in the territory of India. There is no fourth concept on the basis of which citizenship can be granted. I might tell you something very interesting. I belong to a family which used to live in Lahore. I was born here in 1948 but my brothers, my sister, my parents, my grandparents were all born in Pakistan. We were all refugees. When we came to India, we were not citizens of India. Why, because we were not born in the Republic of India. Therefore, we were not citizens of India. There was a provision in the Constitution which said that if you are born in undivided India, as defined in the Government of India Act of 1935, then, you shall be a citizen of India, but that was not the only thing. I had to become a resident of India. I should have come to India six months prior to July 19, 1948. If I had come to India six months prior to that, I would have been a citizen of India. So, resident, ordinary resident, *bona fide* resident is an essential element for being a citizen. For those who came after the 19th of July, 1948, they had to file an application before an appropriate authority. In that application, before they filed it, they should have been resident of India for the last six months. They too could not get citizenship. Sir, that is the basis and the foundation of citizenship. That is why, Mr. Chidambaram asked, who has advised you to do all this? Who has advised you? Who has given you that opinion, the Law Ministry or the Attorney General?

Let me tell you something else now, Sir. Under Article 11 of the Constitution, there is a provision which says that through another Act, through a law made by Parliament, somebody can acquire citizenship or terminate citizenship. Now, the Citizenship Act 1955 has some very interesting provisions. Let me just tell you a couple of them. The Citizenship Act says that if you are born in the territory of India between January 26, 1950 to July 1, 1987, you shall be a citizen of India. If you are born in the territory of India between July 1, 1987 and the time when the 2003 Citizenship (Amendment) Bill has been passed, which was passed in 2004 and which is the Citizenship (Amendment) Bill Act 2003, you shall be a citizen of India, if one of your parents is a citizen of India. And if you are born after 2004, you

shall be a citizen of India, if one of your parents is a citizen of India and the other is not an illegal migrant. That is the condition of the Citizenship Act. If one of the spouses is an illegal migrant, you cannot be a citizen of India.

Now, Sir, what Amendment have you brought? Just think about it. What does your Amendment say? Let me just tell you what it says. I am sure you have read it. You are making an Amendment to Section 2(1)(b). It says: "Provided that any person belonging to Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi or Christian community from Afghanistan, Bangladesh or Pakistan, who entered into India on or before the 31st day of December, 2014 and who has been exempted by the Central Government by or under clause (c) of sub-section (2) of section 3 of the Passport (Entry into India) Act, 1920 or from the application of the provisions of the Foreigners Act, 1946 or any rule or order made thereunder, shall not be treated as illegal migrant for the purposes of this Act;" Now, please tell me, the Foreigners Act deals with people who are declared to be foreigners. The Passport (Entry into India) Act deals with people who have entered into India without a valid document. Now, in your Statement of Objects and Reasons, you have said that these are all people who have been persecuted on the grounds of religion. Where is the provision for persecution in the Act? There is no provision for persecution. If a man came from Bangladesh or from Pakistan into India in 1972 and he is being an illegal migrant after 1972 till date; how will he prove, how will you say that he has been persecuted unless he says that he was persecuted? Amongst all the people who have come to India without any legal documentation; has anybody said that they have been persecuted? Do we have a law here which says that you apply and say that you are persecuted and you shall be granted citizenship? It is very interesting, Shri Nadda, in the course of his speech, mentioned Dr. Manmohan Singh and what he said. But, he didn't mentinon what Advani*ji* said. I wish he had because Dr. Manmohan Singh had said, "Look if people have been persecuted and they have come from our neighbouring countries; you must give them citizenship." उनको नागरिकता मिलनी चाहिए। आडवाणी जी ने क्या कहा, मैं उसके बारे में आपको बताता हूं, "There were various kinds of allegations made that 'you are making discrimination between this and that' which we do not propose to do. We always say that a person who has to flee because of religious persecution is a refugee, *bona fide* refugee, and he cannot be regarded on par with the illegal immigrant who may have

[Shri Kapil Sibal]

come here for any reason, even for economic reasons. If he is an illegal immigrant, he is an illegal immigrant." This is what Advaniji said. Now, if these people are illegal immigrants on what basis, you say that they have been persecuted? Has anybody said that they have been persecuted? There are also other illegal immigrants. I won't name the religion they belong to who have also come; who are also illegal immigrants. So, how do you discriminate between one illegal immigrant and another illegal immigrant? How do you say, आप कैसे कह सकते हो कि ये लोग तो persecute हुए थे। मैं उदाहरण देता हूं- एक शख़्स यहां 1972 में आया। उसके दो-तीन बच्चे हैं और उसकी मृत्यु हो गई। आज वह जिंदा नही है, लेकिन उसके बच्चे कहते हैं कि हमें सिटिज़नशिप दो। आप कैसे देंगे? ...**(समय की घंटी)**... जिसकी मृत्यु हो गई है, उसने पहले कभी कहा ही नही कि वह persecute हुआ था। फिर उसके बच्चों को सिटिज़नशिप कहां से मिलेगी? उनको सिटिज़नशिप किस आधार पर देंगे? उसका मापदंड क्या है? ये लाखों लोग हैं, जिनकी आप बात करते हो। हम 19 लाख लोगों की बात करते हैं, उनमें कितने हिंदू हैं, 5 लाख हैं, 6 लाख हैं, 10 लाख हैं, 12 लाख हैं, मैं उसके बारे में बात नही करूंगा। किसी हिंदू ने कहा है कि मैं persecute हुआ था। आपको बहुत गलतफहमी है। उन्होंने अपने legacy papers में कहा है कि मैं तो यहां का रहने वाला हूं। ...**(समय की घंटी)**... सर, उन्होंने declaration दिया है कि मैं तो यहां का रहने वाला हूं। आप उसको इस विधेयक के द्वारा असत्य बुला रहे हो।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Please conclude.

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, one second.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Four more speakers are left from your party.

श्री कपिल सिब्बल: जो शख़्स कह रहा है कि मैं तो हिंदुस्तान का रहने वाला हूं, आप उसको कहना चाहते हो कि नही, तुम हिंदुस्तान के रहने वाले नही हो, तुम तो बंगलादेश से आए थे और क्योंकि persecute हो रहे थे, इसलिए हम आपको सिटिज़नशिप देंगे। यह किस किस्म का कानून है? आप संविधान के साथ क्या कर रहे हो? आप संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हो। आपका मकसद क्या है? हमें मालूम है कि 2014 से आपका मकसद क्या रहा है? कभी घर-वापसी, कभी लव-जिहाद, कभी ट्रिपल तलाक, कभी सी.ए.बी., कभी एन.आर.सी, फिर दोबारा एन.आर.सी. और फिर 370, आपका लक्ष्य हमें मालूम है, आपका नज़रिया भी मालूम है। ...**(समय की घंटी)**... आप किसी के नाम से पता करना चाहते हैं कि

इस देश में वह रहेगा या नही रहेगा। आपने शुरुआत में एक बड़ी आपत्तिजनक बात की। आपने कहा कि जो मुसलमान यहां हैं, उनको डरने की जरूरत नही है। किस मुसलमान को आपसे डर है? हिंदुस्तान का कोई मुसलमान आपसे नही डरता है। न मैं डरता हूं, न इस देश के नागरिक डरते हैं और न कोई मुसलमान डरता है। अगर हम डरते हैं, तो हम संविधान से डरते हैं, जिसकी आप धज्जियां उड़ा रहे हो।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Mr. Sibal. ...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, I am just finishing. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): There are four more speakers from your party. ...*(Interruptions)*...

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, I am finishing. ...*(Interruptions)*... My third point is this. In this Bill, they are targeting a community without naming it. It violates the basic structure of the Constitution. It is divisive and exclusive. It will destabilise our polity and 18 to 20 million people will not trust us. It weakens the foundation of our culture, beliefs and ethos. It has consequences that you cannot even imagine and this is part of your political strategy. The last thing I want to say is this. This is legally tenable and morally reprehensible. Those who have no idea of India cannot protect the idea of India. Don't convert this Indian Republic into a Jurassic republic, where there are two dinosaurs. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Before I call the next speaker, this is for the information of the Leader of the Congress party that only 17 minutes are left for the remaining speakers of your party. So the time will be allocated accordingly. Now, Ms. Saroj Pandey.

सुश्री सरोज पाण्डेय (छत्तीसगढ़): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आज इस नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 के समर्थन में खड़ी हुई हूं। आज संसद में यह एक ऐतिहासिक दिन है। इस ऐतिहासिक दिन के अवसर पर मैं इसकी भागीदार हूं और मुझे इसमें हिस्सा लेने का अवसर मिला है, यह मेरे लिए गौरव का विषय है। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Excuse me. ...*(Interruptions)*... This is not the way. A lady is speaking. You should honour her.

सुश्री सरोज पाण्डेय: महोदय, पिछले 6 माह से भारत की संसद में जिस प्रकार से निर्णय हुए हैं, ये भारत को आगे बढ़ाने वाले कदम हैं। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं इस बात को कहना चाहती हूं कि बहुत से ऐसे विषय थे, जो लम्बित थे, जिनकी ओर पूरा देश आशा भरी निगाहों से देखता रहा, लेकिन ऐसे विषय कई बार पूर्ण नही हो पाए, वे राजनीति की बलि चढ़ गए और राजनीति की बलि चढ़ने के कारण जब ऐसे विषय नही हो पाते थे ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR RAY): Mr. Bajwa, please go to your seat. ...*(Interruptions)*...

सुश्री सरोज पाण्डेय: तो जनता उन विषयों पर कुछ कह नही पाती थी, मन मसोसकर रह जाती थी। मैं आज इस सदन में आपके माध्यम से भारत के प्रधान मंत्री जी का और भारत के गृह मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहती हूं कि हज़ारों-हज़ार देश के नागरिक, जो पीड़ित हैं, प्रताड़ित हैं, जिन्होंने बहुत आस के साथ इस देश में पनाह ली और यह सोचकर पनाह ली कि इस देश की धरती हमारी रक्षा करेगी, लेकिन उस समय इस देश के जो शासक थे, उन्होंने उन्हें नागरिकता का अधिकार नही दिया।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं यह विषय कहना चाहती हूं कि हमारी सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति नही की। अगर हमने केवल तुष्टिकरण की राजनीति की होती तो आज यहां पर इस सदन में बैठकर विपक्षी दल के नेता हमसे सबूत नही मांगते। मुझे यह विषय समझ में नही आया कि इस सदन में बैठकर सबूत मांगने का विषय आखिर आया कहां से? जो आंकड़े दिखा रहे हैं, क्या वे आंकड़े यह समझने के लिए पर्याप्त नही हैं कि जो जनसंख्या ज्यादा थी, वह जनसंख्या अगर कम हुई, इस धरती पर रहने वाले लोग, जो अन्य देशों में रहते थे, वहां पर पहले अगर वह संख्या ज्यादा थी और वह संख्या कम हो गयी तो वह गयी कहां - उसे धरती निगल गयी या आसमान फट गया, उसमें समा गयी? ये आंकड़े इस बात को प्रतिपादित करने के लिए, प्रमाणित करने के लिए तय हैं, इसलिए विपक्षी दल के जिस नेता ने अभी-अभी इस विषय पर सबूत मांगा, मैं उन्हें कहना चाहती हूं कि यह बहुत पीड़ादायक है। कई बार ये परिस्थितियां पैदा होती हैं, जब कभी - अगर हम वकीलों की भाषा में कहें - लोग इस विषय को पूछते हैं कि कोई घटना घटी तो कैसे घटी, क्या हुआ, लेकिन जब किसी महिला के साथ वह घटना घटती है और उस महिला से पूछा जाता है कि घटना कैसे घटी, तो जितनी बार उससे पूछा जाता है, उतनी बार वह महिला प्रताड़ित होती है, बार-बार प्रताड़ित होती है, उतनी बार वह मरती है। यह सबूत मांगने का इस सदन में इस प्रकार का दुस्साहस करना, मेरा मानना है कि यह उसी का प्रमाण है कि ये उस प्रकार से भारत देश के नागरिकों को बार-बार प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं।

4.00 P.M.

